

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 204 | ग्वालियर शुक्रवार 31 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## भारत-मॉरीशस के साझा मूल्यों का भी प्रतीक होगा सुप्रीम कोर्ट का नया भवन : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने आज संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मॉरीशस में सुप्रीम कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया। यह भवन मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई के भीतर भारत से सहायता प्राप्त पहली अवसंरचना परियोजना है जिसका उद्घाटन कोविड महामारी के बाद किया गया है। यह ऐतिहासिक परियोजना भारत सरकार से प्राप्?त 28.12 मिलियन अमेरिकी डालर की अनुदान सहायता से पूरी की गई है। पीएम मोदी ने भारत के विकास सहयोग के अंतर्निहित दर्शन के रूप में मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के विशेष महत्व को रेखांकित किया और इसके साथ ही उन्?होंने भारत एवं मॉरीशस के बीच घनिष्ठ संबंधों को और प्रगाढ़ करने में जन-उन्मुख बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की भूमिका की सराहना की। पीएम



पीएम मोदी और मॉरीशस पीएम जगन्नाथ ने सुप्रीम कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया

मोदी ने कहा कि आधुनिक डिजाइन एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नया सुप्रीम कोर्ट भवन मॉरीशस न्यायपालिका के लिए एक उपयुक्त स्?थान और सहयोग के साथ-साथ भारत एवं मॉरीशस के साझा मूल्यों का भी प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना निर्धारित समय पर और प्रारंभिक अनुमानों से कम लागत पर ही पूरी हो गई। पीएम मोदी ने कहा कि मॉरीशस के साथ विकास सहयोग दरअसल विकास साझेदारियों से जुड़े भारतीय दृष्टिकोण के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास सहयोग में कोई भी शर्त अंतर्निहित नहीं होती है और न ही कोई राजनीतिक या वाणिज्यिक हित जुड़ा होता है। विकास सहयोग के लिए भारत का मुख्य सिद्धांत हमारे साझेदारों का सम्मान करना है और इसके तहत प्रमुख प्रेरणा विकास के दौरान हमे मिले सबकों का साझाकरण करना है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकास सहयोग को 'सम्मान', 'विविधता', 'भविष्य के लिए चिंता' और 'सतत विकास' के प्रमुख मूल्यों के रूप में विशिष्?टता प्रदान करता है। यह रेखांकित करते हुए कि भारत मॉरीशस के लोगों की उपलब्धियों पर गर्व करता है, पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-मॉरीशस साझेदारी निश्चित तौर पर आने वाले वर्षों में और भी नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाएगी मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने इस परियोजना के लिए भारत से मिली सहायता की हृदय से सराहना की, क्योंकि यह दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के प्रगाढ़ संबंधों को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय सहायता से बनाया गया नया सुप्रीम कोर्ट भवन मॉरीशस में बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक नया मील का पत्थर है तथा इससे मॉरीशस की न्याय प्रणाली को और भी अधिक प्रभावकारी, सुलभ एवं समावेशी बनाने में मदद मिलेगी। भारत के 'सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास)' विजन के अनुरूप नया सुप्रीम कोर्ट भवन हिंद महासागर क्षेत्र में मॉरीशस के एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है और इसके साथ ही दोनों देशों के बीच भविष्य-उन्मुख साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

### भ्रष्टाचार मामले में

## जया जेटली के चार साल की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लगभग 20 साल पुराने रक्षा सौदे में कथित भ्रष्टाचार के मामले में समता पार्टी की पूर्व अध्यक्ष जया जेटली को चार साल की कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा उनके पूर्व पार्टी सहयोगी गोपाल पचेरवाल, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एस. पी. मुरगई को भी चार साल कैद की सजा सुनाई गई। कोर्ट के फैसले को लेकर जया जेटली ने उच्च न्यायालय का रुख किया, जहां अदालत ने चार साल की सजा पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने उनकी सजा को सस्पेंड कर दिया है जेटली, पार्टी के उनके पूर्व साथी गोपाल पछेरवाल और मेजर जनरल (सेवानिवृत) एस पी मुरगई को थर्मल इमेजर खरीद में भ्रष्टाचार और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी करार दिया गया था। यह मामला जनवरी 2001 में न्यूज पोर्टल तहलका पर प्रसारित %ऑपरेशन वेस्टएंड% से सामने आया था। यह एक स्टिंग ऑपरेशन था। तीनों पर



आरोप था कि सेना को थर्मल इमेजर की आपूर्ति करने के लिए संदिग्ध कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में आए पत्रकार से अभियुक्तों ने रिश्वत स्वीकार की थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि जेटली ने संदिग्ध कंपनी वेस्टेंड इंटरनेशनल के प्रतिनिधि मैथ्यू सैम्युअल से दो लाख रुपये गैर कानूनी तरीके से लिए थे जबकि मुरगई को 20 हजार रुपये मिले। तीनों आरोपियों के साथ सुरेंद्र कुमार सुरेखा आपराधिक साजिश के मामले में पक्षकार थे, लेकिन सुरेखा बाद में सरकारी गवाह बन गए। अदालत ने तीनों आरोपियों- जेटली, पछेरवाल और मुरगई- को आपराधिक साजिश (भारतीय दंड संहिता की धारा-120 बी) और भ्रष्टाचार निरोधी कानून की धारा-9 (लोकसेवकों पर निजी प्रभाव का इस्तेमाल करने के लिए घूस लेना) के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने कहा था कि अभियोग पक्ष द्वारा मुहैया कराए गए सबूत से यह साबित होता है कि 25 दिसंबर 2000 को होटल के कमरे में हुई बैठक में सुरेखा और मुरगई ने सैम्युअल को रक्षा मंत्रालय से उसकी कंपनी द्वारा निर्मित उत्पाद के मूल्यांकन के लिए पत्र जारी करवाने का भरोसा दिया था। अदालत के अनुसार, इसके साथ ही जया जेटली के साथ सैम्युअल की बैठक की व्यवस्था की गई ताकि उन्हें राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त हो सके। अदालत ने कहा कि यह सहमति बनी कि सैम्युअल सुरेखा और मुरगई को एक-एक लाख रुपये देगा जबकि इसके लिए जेटली को दो लाख रुपये की राशि दी जाएगी। अदालत ने कहा था, %भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत प्रभाव का इस्तेमाल संबंधित अधिकारियों पर करके, गैर कानूनी तरीके से संबंधित उत्पाद के लिए मूल्यांकन पत्र हासिल करने के वास्ते उनके बीच समझौता हुआ।%

### 15 अगस्त से शुरू होगा विधानसभा सत्र

## राजस्थान विधानसभा सत्र शुरू होने तक होटल में ही ठहरेंगे गहलोत कैंप के विधायक

**नई दिल्ली।** राजस्थान में 15 अगस्त से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के कांग्रेसी विधायक जयपुर स्थित फेयरमोन्ट होटल में ही ठहरेंगे। अशोक गहलोत ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी विधायक दलों की बैठक के दौरान कहा कि उन सभी को 14 अगस्त तक इसी होटल में ठहरना होगा। गहलोत ने कहा कि मंत्री अपने काम को पूरा करने के लिए सचिवालय जा सकते हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी करते हुए 14 अगस्त से विधानसभा सत्र को शुरू करने की इजाजत



दे दी है। राज्य सरकार की तरफ से चौथी बार अनुरोध किए जाने के बाद राज्यपाल ने विधानसभा सत्र शुरू करने का आदेश जारी किया। राज्य कांग्रेस में पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट और 14 अन्य विधायकों के बागी होने के बाद गहलोत सरकार इस वक्त संकट का सामना कर रही है। सचिन पायलट और सीएम गहलोत में विवाद सामने आ के बाद से ही राजस्थान कांग्रेस सियासी संकट के दौर से गुजर रही है। सचिन पायलट को उप-मुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से 14 जुलाई को हटा दिया गया।

## दिल्ली में 8.36 रु प्रति लीटर डीजल सस्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को हुई बैठक में दिल्ली कैबिनेट ने अर्थ व्यवस्था को गति देने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए डीजल पर लगने वाले वैट में भारी भरकम कटौती कर दी है। सीएम केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली कैबिनेट ने डीजल पर लगने वाले वैट में 13.25 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है। अभी तक दिल्ली में डीजल पर 30 प्रतिशत वैट लग रहा था, जिसे घटा कर 16.75 प्रतिशत कर दिया गया है।

## हर्ड इम्यूनिटी बनना भारत जैसे देश के लिये जटिल प्रक्रिया: स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली. भारत में एक दिन में पहली बार कोरोना वायरस संक्रमण के 50,000 से ज्यादा नये मामले सामने आये जिसके बाद बृहस्पतिवार को देश में कुल संक्रमितों की संख्या 15,83,792 हो गई. वहीं संक्रमण से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या भी 10 लाख के पार हो गई. वहीं हर्ड इम्यूनिटी के सवाल का जवाब देते हुये स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कहा कि हर्ड इम्यूनिटी या तो वैक्सीन के जरिए या फिर एंटीबॉडी के जरिए बनती है. यानी कि पहले बीमारी होने



के बाद लोग उससे ठीक हो चुके हैं. हर्ड इम्यूनिटी बनना भारत जैसे देश के लिए बहुत जटिल है. इसलिए हर्ड इम्यूनिटी का प्रयोग करना संभव नहीं है. दरअसल दिल्ली और मुंबई में लगातार ठीक हो रहे केस को देखते हुए ऐसी चर्चा शुरू हो गयी है कि क्या देश में हर्ड इम्यूनिटी तैयार हो चुका है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारत में अब तक 10 लाख से ज्यादा मरीज कोरोना वायरस से ठीक हो चुके हैं और ये अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है.

## सीजेआई शरद अरविंद बोबड़े को दी गई जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. सीजेआई बोबडे को अब जेड प्लस सिक्योरिटी देने का फैसला किया गया है. इससे पूर्व सीजेआई को जेड कैटेगिरी की सुरक्षा मिली हुई थी. गृह मंत्रालय ने थ्रेट परसेप्शन और इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार प्रधान न्यायाधीश की सुरक्षा को जेड कैटेगरी से जेड प्लस कैटेगरी में परिवर्तित किया है. जेड प्लस कैटेगरी के लोगों की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल करता है, जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा देश के चुनिंदा



लोगों को मिली हुई है. गौरतलब है कि सीजेआई एसए बोबडे भारत के 47वें प्रधान न्यायाधीश हैं. बोबडे ने 18 नवंबर 2019 को अपने पद की शपथ ली थी. बोबडे से पहले रंजन गोगोई सीजेआई थे. बतौर सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश एसए बोबडे कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई के लिए बनी पीठों का हिस्सा रहे हैं. बोबडे पिछले साल आए अयोध्या मामले की सुनवाई के लिए बनी सुप्रीम कोर्ट की बेंच का हिस्सा थे. इसके अलावा बोबडे आधार मामले पर सुनवाई के लिए बनी सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच का भी हिस्सा रहे हैं.

## प्रियंका गांधी ने छोड़ा दिल्ली के लुटियंस जोन का बंगला

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली के लुटियंस जोन में स्थित बंगला खाली कर दिया। पिछले साल एसपीजी सुरक्षा हटाए जाने के बाद सरकार ने नोटिस जारी कर बंगला खाली करने का आदेश दिया था। प्रियंका गांधी के इस बंगले का पता 35, लोधी एस्टेट, दिल्ली था। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस महीने की शुरुआत में नोटिस मिलने के बाद बंगले से जुड़े सभी बची राशि का भुगतान कर दिया था। सरकारी आदेश में कहा गया था कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एसपीजी सुरक्षा हटाई जा चुकी है, इसलिए वह इस बंगले की हकदार नहीं रही हैं। प्रियंका से बंगला एक अगस्त तक खाली करने को कहा



था। एक जुलाई को जारी आदेश के अनुसार, %एसपीजी सुरक्षा वापस लेने और जेड प्लस सुरक्षा प्रदान किए जाने के आधार पर, आपके लिए किसी भी सरकारी आवास के आवंटन का प्रावधान नहीं है। ऐसे में टाइप 6 बी हाउस नंबर 35, लोधी एस्टेट का आवंटन रद्द किया जाता है। मंत्रालय के आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर वह अगले महीने में आवास खाली नहीं करती हैं तो फिर उन्हें नियमों के मुताबिक किराया अथवा क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। प्रियंका गांधी के बाद इस बंगले को बीजेपी के राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को दिया गया है। अनिल बलूनी को बंगला दिए जाने के बाद प्रियंका गांधी ने उन्हें परिवार के साथ चाय पर भी बुलाया था।

## मध्य प्रदेश में 14 अगस्त तक मंत्री, विधायकों एवं सांसदों के कार्यक्रमों में लगी रोक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के चलते मुख्यमंत्री सहित सरकार के अनेक मंत्री कोरोना संक्रमित हो चुके हैं. प्रदेश में बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. 14 अगस्त तक मंत्री, सांसद और विधायकों के दौरे और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक लगा दी गई है. सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तय किया है कि राज्य में 14 अगस्त तक किसी भी मंत्री का कोई दौरा, किसी भी सांसद और विधायक का सार्वजनिक समारोह और कार्यक्रम नहीं होगा. जरूरी बैठकें वर्चुअल माध्यमों द्वारा की जाएंगी. उल्लेखनीय है कि राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए अरविंद भदौरिया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शमाजू और प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एक ही चार्टर्ड प्लेन में बैठकर भोपाल से लखनऊ गए थे. लखनऊ से लौटने के बाद सबसे पहले अरविंद भदौरिया के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई. फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई. उसके बाद संगठन महामंत्री सुहास भगत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और कई मंत्रियों और विधायकों की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव आई है.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुआ भव्य दीक्षांत समारोह

## मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एटा ने परेड का निरीक्षण कर ली सलामी, रिक्रूट आरक्षियों को दिलाई कर्तव्य एवं सत्यनिष्ठा की शपथ।

**भिण्ड।** आज दिनांक 30.07.2020 को प्रातः पुलिस लाईन एटा स्थित परेड ग्राउण्ड पर 249 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । इस परेड में मुख्य अतिथि का मान प्रणाम श्री सुखलाल भारती, जिलाधिकारी एटा द्वारा प्राप्त किया गया तथा श्री सुनील कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्दारा परेड की सलामी ली गयी। जनपद एटा के रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ से 250 रिक्रूट, प्रशिक्षण हेतु आंवटित हुए, सभी प्रशिक्षु गृह जनपद बागपत से हैं। जिनमें से कुल 249 प्रशिक्षु आरक्षी जिनका 7 माह का गहन प्रशिक्षण अपर पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन तथा श्री रामनिवास, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण के पर्यवेक्षण में दिनांक 24.12.2019 से आरम्भ हुआ। रिक्रूट आरक्षियों में अनुशासन कायम रखने, उन्हें मूलभूत सुविधांए उपलब्ध कराने तथा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ व्दारा निर्धारित पाठयक्रम का निर्धारित



समयानुसार क्रियान्वयन करने के उत्तरदायित्व का निवर्हन श्री लक्ष्मण सिंह अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं श्री गया सिंह चौहान उ0नि0स0पु0/प्रभारी आर0टी0सी0 एवं आर0टी0सी0 मेजर श्री देवेन्द्र सिंह व्दारा किया गया। प्रशिक्षण निदेशालय व्दारा निर्धारित पाठयक्रम के अन्तः विषयों का प्रशिक्षण देने आर0टी0सी0 में प्राध्यापक के रूप में 1- निरीक्षक/ प्राध्यापक श्री शिवकुमार सिंह 2- उ0नि0 प्राध्यापक श्री धर्मेन्द्र अग्निहोत्री 3- उ0नि0 प्राध्यापक श्री सुशील कुमार 4- उ0नि0 प्राध्यापक संतोष कुमार तैनात किए गए। इनके अतिरिक्त समय-समय पर अतिथि अध्यापक के रूप में सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारियों के माध्यम से भी अन्तः विषयों का प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। बाहय विषयों के प्रशिक्षण हेतु 8 आईटीआई तथा 4 पीटीआई भी आर0टी0सी0 में नियुक्त रहे। इस समस्त स्टाफ व्दारा दिन रात अथक परिश्रम कर रिक्रुट आरक्षियों को आन्तरिक एवं बाहय विषयों का प्रशिक्षण निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान एक प्रशिक्षु आरक्षी द्वारा पारिवारिक समस्या होने पर त्याग पत्र दिया गया। उत्तीर्ण 249 रिक्रुट आरक्षियों की दीक्षांत परेड के प्रथम परेड कमाण्डर रिक्रूट आरक्षी अनुज कुमार, द्वितीय परेड कमाण्डर रि0आ0 हिमांशु पंवार तथा तृतीय परेड कमाण्डर रि0आ0 अक्षय कुमार रहे जिन्हें परेड की उत्कृष्ट कमाण्ड के फलस्वरूप मुख्य अतिथि व्दारा पुरस्कृत किया गया। अन्तः विषयों में प्रथम स्थान पाने वाले रिक्रूट आरक्षी- आदित्य चौहान, महेश कुमार, कपिल राणा, मनीष कुमार, नितिन धामा रहे। बाह्य विषयों में प्रथम स्थान पाने वाले रिक्रूट आरक्षी- मोंटी, सचिन कुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार, सचिन कुमार (द्वितीय) रहे। आरटीसी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ केडिट रि0आ हिमांशु तोमर को घोषित किया गया। इन सभी रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि द्वारा परेड के दौरान पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम प्रशिक्षक के रुप में श्री शिवकुमार सिंह निरीक्षक/प्राध्यापक, श्री देवेन्द्र सिंह, आई.टी.आई/आरटीसी मेजर, श्री सुनील कुमार आरक्षी/आईटीआई तथा श्री संजीव कुमार आरक्षी/पी.टी.आई. रहे, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने अभिभाषण में रिक्रूट आरक्षियों को अपने कर्तव्य एंव उत्तरदायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक व ईमानदारी के साथ करते हुए पुलिस विभाग एंव जनता के मध्य अपनी जगह/छवि बनाने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उसका सम्यक निराकरण करने तथा अपना व्यवहार शालीनता का रखने की भी अपेक्षा की गयी। परेड के दौरान जिलाधिकारी एटा द्वारा दीक्षांत परेड में सम्मिलित सभी रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी शपथ के अनुसार निम्न शपथ ग्रहण करायी गयी।

## कोरोना से डरे नहीं/बचाव के उपचार पर महत्वपूर्ण ध्यान रखा जाए/सरपंच प्रतिनिधि



**पाली/**नरेश कुमार सिरवी की रिपोर्ट के अनुसारपाली पंचायत समिति के ग्राम पंचायत वडेर वास के सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा आम जनता को बताया गया कि विश्वव्यापी महामारी से डरे नहीं/बचाव संबंधित उपचार पर महत्वपूर्ण ध्यान रखा जाए/सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा आज ग्राम पंचायत में चल रहे चारदीवारी निर्माण के कार्य स्थल पर स्थानीय ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत विकास के कार्यों की शुरुआत की गई/जिसमें चारदीवारी निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुरू करवाया गया/जलभराव की स्थिति के बारे में आंगनवाड़ी केंद्र मुख्य पेयजल उप स्वास्थ्य केंद्र एवं राजकीय विद्यालय के पास मेन रोड पर जलभराव की स्थिति को देखकर ग्राम पंचायत द्वारा जलभराव की क्षमता को कम करने के लिए कार्य की शुरुआत की/उपसरपंच गणेशराम सिरवी मांगीलाल सिरवी थानाराम खारवाल कालूराम सिरवी सहित सभी ग्रामीणों के दिए गए निर्देशानुसार ग्राम पंचायत द्वारा आज जलभराव की स्थिति का समाधान किया गया/ग्राम पंचायत वडेर वास के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल सिरवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत वर्तमान समय में विकास के कार्यों को बढ़ावा दिया गया/और नाली निर्माण का कार्य की शुरुआत भी की गई/कोविड-19 के चलते ग्राम पंचायत द्वारा भयंकर महामारी को रोकने के लिए लॉकडाउन के प्रथम चरण से अब तक संपूर्ण प्रयास किए जा रहे /सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के अधीन सभी प्रशासनिक अधिकारियों का हमें पूरा सहयोग मिला और आज इनके महत्वपूर्ण सहयोग से हम और हमारी ग्राम पंचायत स्वस्थ एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंची/सरपंच प्रतिनिधि सिरवी द्वारा बताया गया कि वृक्षारोपण की शुरुआत सार्वजनिक स्थान एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय के आसपास और मुख्य पेयजल पर वृक्षारोपण की शुरुआत भी की गई।

# जननेता अशोक चौधरी ने सुनी किसानों की पुकार

### जल्द मिलेगी किसानों को राहत ओसी लगाने हेतु कार्य शुरू

लहार(अर्पित गुप्ता)

लहार क्षेत्र के जननेता महाराज सिंधिया के सिपर सलाहकार खिरिया आलमपुर में पले बढ़े अशोक चौधरी ने बिगत कुछ दिनों से परेशान किसानों की सुध ली और इसी महीने की 15 तारीख को ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न तोमर से मिले उनके अस्वाशन के बाद मेहगांव के जननेता ओ.पी.एस भदौरिया से मिले और किसानों के प्रति अशोक चौधरी के लगाव को देखते हुए मेहगांव से नगरीय प्रशासन मंत्री ओ.पी.एस भदौरिया ने मेहगांव में साढ़े तीन की मंजूर ओ.सी को किसानों के हित में आलमपुर में लगबाने का फैसला लिया ओर जिसका कार्य भी शुरू करबा दिया गया है जो जल्द ही किसानों के हित मे शुरू की जाएगी जननेता अशोक



चौधरी की किसानों के प्रति आस्था देखकर क्षेत्रीय लोगो मे उनकी बहबाही चल रही है और जनचर्चा के अनुसार हर चौपाल गली मुहल्ले में बस एक ही चर्चा की जा रही है कि आखिर नेता हो तो ऐसा जो बिना स्वार्थ सिद्धि के किसानों के हित की चिंता करता हो और अगले समय मे हर ब्यक्ति की दिली ईक्षा अनुसार अशोक चौधरी ही उनका नेतृत्व करें जिससे लहार विधानसभा के किसानों का कुछ उद्धार हो सके वहीं इस मामले पर लहार विधानसभा के महाराज सिंधिया समर्थित अशोक चौधरी से हमारे सम्बददाता ने बात की तब उन्होंने कहा कि लहार विधानसभा में डॉक्टर गोविंद सिंह लगातार सातवीं बार एम.एल.ए बनकर विधानसभा में पहुँचे है ये किसानों का दुर्भाग्य है जो बो किसानों के हित की बात न सुनकर अपने हितों की पूर्ति करने में लगे हुए है पर अब ऐसा नही चलेगा हमारे किसान भाई उनकी नीतियों को समझ चुके है और आगे आने बाले समय मे किसान इसका जबाब उंन्हे देकर उनकी गलती का एहसास करायेगा ।

**जननेता अशोक चौधरी के प्रयास से इतने कार्यों की मिली मंजूरी**

1.वितरण केंद्र -आलमपुर, सम्भाग - लहार के अन्तर्गत 33/11 के व्ही आलमपुर उपकेंद्र पर 3.15 एम्बी का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्वीकृत किया गया।

2. 11 के.व्ही. बेलमा पम्प फीडर के भार को व्यवस्थित करने के लिए दो भागों में विभक्त करने हेतु 2 किलोमीटर की 11 के.व्ही. लाइन स्वीकृत की गई।

3. इसी प्रकार 11 के.व्ही. आरुषि फीडर के भार को व्यवस्थित करने हेतु 2 किलोमीटर की 11 के व्ही लाइन स्वीकृत कराई गई।

पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित करने का कार्य आज दिनाँक- 29/07/2020 से प्रारम्भ किया जा चुका है।।

## रेत उत्खनन को रोकने के लिए प्रशासन सख्त - रसाल सिंह

### पूर्व मंत्री प्रशासन पर दबाब बनाने के लिए लगाते है झूठे आरोप



**भिंड।** बीते दिनों पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह ने प्रशासन पर आबेध रेत उत्खनन परिवहन रोकने में असक्षम साबित होने का आरोप लगाया था उस पर पलटवार करते हुए पूर्व बिधायक रसाळ सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री का आरोप महज प्रशासन पर राजनीतिक दबाब बनाकर अनुचित कार्य कराना मात्र है जिसके घर ही रेत से बने हो उनके मुख् से रेत के आबेध उत्खनन को रोकने की बात शोभा नही देती है । जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन आबेध रेत उत्खनन परिवहन को लेकर सख्त है हर रोज कार्यवाही भी की जा रही है पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह के आरोप निराधार है। जब प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार थी तब पूर्व मंत्री स्वयं कहते थे कि हम अपनी सरकार में आबेध रेत उत्खनन नही रोक पाए है सरकार अवैध रेत उत्खनन परिवहन रोकने में अक्षम साबित हुई है पर आज जब प्रदेश में शिवराज सिंह जैसे लोक प्रिय मुख्यमंत्री सता की वागडोर सँभालकर प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जा रहे हैं 7 ऐसे समय मे पूर्व मंत्री का कहना कि मुख्यमंत्री अवैध रेत उत्खनन परिवहन नही रोक पा रहे , बिल्कुल गलत है प्रदेश के मुखिया के निर्देश पर जिला स्तर और स्थास्नीय स्तर पर अधिकारी लगातार अवैध रेत उत्खनन परिवहन को रोकने के लिए कार्यवाही कर रहे हैं 7 उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री का रेत के गहरा सबन्ध है जब लहार क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जा रही है ऐसे में पूर्व मंत्री के रेत का महल धराशाही हो रहा है जिससे बौखलाकर प्रशासन पर झूठे आरोप लगाकर रणनीतिक दबाब बनाकर अनर्गल कार्य कराने का दबाब बना रहे हैं 7

# 12 वीं के छात्र कोमल ने किया नगर टॉप,पापा ने गले लगाकर दी बधाई



दबोह(अर्पित गुप्ता)

नगर के स्वयं प्रभा स्कूल के छात्र ने हायर सेकेंडरी की परीक्षा में नगर टॉप तो पापा ने गले लगाकर दी बधाई।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि छात्र कोमल अहिरवार दबोह क्षेत्र के ग्राम कसल का निवासी है जो कक्षा 6 से नगर में संचालित स्वयं प्रभा विद्यालय में ही अध्ययनरत है।कोमल ने 12 वीं की परीक्षा में 91.4 अंक हांसिल कर अपने पिता,विधालय व शिक्षकों का नाम रोशन किया है।कोमल के पिता पेशे से किसान हैं और उनकी आँखो में उस वक्त आँशु आ गए जब बेटे कोमल ने दबोह में अपना रिजल्ट देखकर पिता को फोन किया और बताया की पापा मैं पास हो गया और 91.4त्न अंक प्राप्त हुए हैं तो पिता ने तुरंत बेटे को घर आने की बात कही,घर पहुंचकर पिता की खुशी का ठिकाना न था क्योंकि पिता की मेहनत रंग जो लाई थी उस वक्त पिता की आंखों में खुशियों के आँशु थे और बेटे कोमल को वह सीने से लगाये थे।तो वहीँ छात्र की इस सफलता पर विधालय के शिक्षक गणों,परिवार जनों व इष्ट मित्रो ने मिठाइ बाटकर खुशियां जाहिर की।

## 12वीं में विद्यालय के टॉप टेन भैया बहिनो का हुआ सम्मान



आलमपुर( अर्पित गुप्ता)। गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर आलमपुर में कक्षा 12वीं में विद्यालय के टॉप टेन भैया बहनों का सम्मान समारोह किया गया।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवनारायण गुप्ता जी ने की एवं विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष गोस्वामी,नवल किशोर मिश्रा, आदरणीय कौरव जी रहे।सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया इसके बाद सरस्वती वंदना, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।इसके उपरांत विद्यालय का प्रतिवेदन समिति सचिव मनोज कुमार जी दिबोलिया ने रखा,श्री नवलकिशोर मिश्रा उपाध्यक्ष समिति ने भैया,बहिनों को आशीष वचन कहे।इसके उपरांत सभी भैया बहिनों को माल्यार्पण, श्रीफल,साहित्य द्वारा सम्मानित किया गया।

# ओबीसी अधिकार मंच ने प्रधानमंत्री के नाम राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।** ओबीसी जनगणना, टीएसपी क्षेत्र पंचायतीराज में सदस्यों को ओबीसी आरक्षण,मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने हेतु राज्यसभा सांसद महारावल हर्षवर्धन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ओबीसी अधिकार मंच ने 2021 की जनगणना फॉर्म में ओबीसी कॉलम को शामिल किया जाने, मंडल आयोग की अनुशंसाओ को पूर्णतः लागू किया जानें, स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसाओं को लागू किया जानें, ओबीसी के लिए संख्या के अनुपात में राज्यवार विधानसभा में सीटें आरक्षित की जानें, रीट भर्ती परीक्षा में टीएसपी एरिया के ओबीसी पुरुष के लिए 50 प्रतिशत सामान्य पुरुष 55 प्रतिशत ओबीसी महिला 45 प्रतिशत सामान्य महिला 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्रतिशत रखी जानें, टीएसपी एरिया में ओबीसी जनसंख्या अनुपात जिला परिषद सदस्य,व पंचायत समिति सदस्यों में आरक्षण दिया जानें, टीएसपी एरिया में ओबीसी किसानों को निशुल्क कृषि कनेक्शन दिए जानें, एरिया में ओबीसी छात्र-छात्रा के लिए प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय पर छात्रावास, टीएसपी एरिया में ओबीसी की जनगणना कराई जानें, टीएसपी एरिया में जिला स्तर पर ओबीसी छात्र-छात्रा हेतु खेल सुविधाओं युक्त छात्रावास,टीएसपी एरिया में कक्षा 10वीं व 12वीं में राज्य सरकार मापदंड अनुसार अनिवार्य रूप से ओबीसी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जानें, राज्य सेवा व राज्य न्यायिक सेवा में राज्य ओबीसी आरक्षण में से टीएसपी एरिया में ओबीसी को संख्या अनुपात में आरक्षण, टीएसपी क्षेत्र से राजनीतिक नियुक्तियां में ओबीसी वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जानें, टीएसपी एरिया में सभी वर्गों के विकास हेतु विशेष पैकेज तत्काल प्रभाव से दिए जानें, टीएसपी एरिया का विस्तार 2018 में जो किया गया, उस विस्तार को खत्म कर पूर्व की तरह किया जानें, गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय की सभी भर्तियों में स्थानीय को ही लिया जानें, टीएसपी में विशेष पिछड़े वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों में आरक्षण दिया जानें की मांग की। ज्ञापन सौपने में राजेश पाटीदार चिखली,रामलाल पाटीदार नवाडेरा, नरेश पाटीदार दिवडा छोटा, दिलीप पटेल सागवाड़ा,नारायण पाटीदार धताणा ,योगेश दामड़ी ,रूपशंकर पाटीदार चिखली,सुरेश पाडली, गोकलजी पाटीदार सुरपुर,बंशीलाल राजपुर, सुनील पटेल नेजपुर,मनोज लबाना व अन्य प्रतिनिधि मंडल उपस्थित थे।



# विकास कार्यो से अछूती है ग्राम पंचायत विजपुर



दबोह(अर्पित गुप्ता)

दबोह क्षेत्र की विजपुर ग्राम पँचायत का बुरा हाल,विजपुर पंचायत को पंचायत विकास के लिए मिल चुकी है काफी राशि पर पँचायत में नही हुए विकास कार्य।फ़ोटो विजपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गाँव बागपुरा की है जहां पर बागपुरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर दलदल मचा हुआ है।लोगो को यह रास्ता पर करके ही गाँव मे प्रवेश करना पड़ता है जिसके चलते बरसात के मौसम में ग्रामवासियों को काफी परेशानी होती है।यहां बताना मुनासिब होगा कि विजपुर पंचायत को अब तक काफी राशि शासन की ओर से विकास कार्यो के लिए मिल चुकी है परंतु सरपँच महोदय के गोलमाल के चलते पँचायत में कुछ विकास कार्य हुए हैं तो कुछ सिर्फ कागजों में ही दर्ज हैं।

# आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने समाज की विधवा को उनके दो बच्चों की शिक्षा हेतु दिया आर्थिक सहयोग

**पाली।** शांति पत्नी स्वर्गीय दीपाराम लचेटा निवासी बिजोवा जिला पाली राजस्थान को उनके दो बच्चों की शिक्षा हेतु श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष हिम्मतमल हांम्बड बाली, प्रदेश शिक्षा सचिव लकमाराम परिहारिया बडौद ,प्रदेश कोषाध्यक्ष गोमाराम लचेटा के हाथों ?15000का चेक प्रदान किया। स्वर्गीय दिपाराम की दो वर्ष पूर्व असामयिक मौत हो गई थी । उनकी विधवा पत्नी दोनों बच्चों का मजदूरी करके भरण पोषण करती है समिति के राष्ट्रीय



संचालनकर्ता घीसाराम लचेटा बिजोवा द्वारा शांति देवी का आवेदन समिति तक पहुंचाया। समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आवेदनका सत्यापन कर समय पर मदद उपलब्ध करवाई। इसके लिए शांति देवी समिति का तहे दिल से हार्दिक आभार व्यक्त करती है। श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति 3 वर्षों में लगभग 27 लाख 60 हजार 430 रूपये की सैकड़ों गरीब विद्यार्थियों व जरूरतमंद परिवारों को मदद दे चुकी है। समिति का एक ही नारा, शिक्षा मे पिछे ना रहे सीरवी हमारा ये जानकारी नाथूराम सीरवी द्वारा दी गई

# गोहद में नव नियुक्त कांग्रेस के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

भिण्ड / ग्राम सर्वा बिधान सभा छेत्र गोहद जिला भिण्ड के तत्वाधान में नव नियुक्त कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान में बिशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अथिति आदरडिय जय श्री राम बघेल जी बिसिष्ठ अतिथि आर एन हिंडोलिय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा प्रदेस उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी मध्यप्रदेश श्री आशीष गुर्जर किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल चौरसिया जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी श्री रबिन्द्र भदौरिया बरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री बैजनाथ सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस श्री नरेश तोमर जिला उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस श्री अमर सिंह डंडोतिया जिला उपाध्यक्ष श्री अभिलाख सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष श्री इंजीनियर संजय कतरोलिया जिला महा सचिब श्री आशीष हंस जिला महा युबा किसान कांग्रेस श्री अच्छय भदौरिया जिला उपाध्यक्ष युबा कांग्रेस श्री राहुल तोमर जिला महा सचिब युबा कांग्रेस श्री ब्रजमोहन तोमर श्री भूरे तोमर श्री राघबीन्दर तोमर श्री सतेन्द्र तोमर तुकेन्डा श्री केशब देसाई श्री मति रेखा बसेडिया जिला पंचायत सदस्य भिण्ड श्री देबेन्द्र सिंह तोमर श्री सीमित भदौरिया जिला महा सचिब किसान कांग्रेस कार्यकर्ता सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहड़ की एवंम सभी का कांग्रेस पार्टी ने सम्मान किया गया।

# कोविड-19 के चलते आम नागरिक को जागरूक रहना होगाः राणावत

**पाली।** नरेश कुमार सिरवी की रिपोर्ट के अनुसार पाली जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेरवा के सरपंच प्रतिनिधि भरत सिंह राणावत द्वारा बताया गया कि विश्वव्यापी महामारी के चलते हमें स्वयं को जागरूक रहना होगा/राणावत द्वारा कोविड-19 के प्रथम चरण से अब तक संकट काल की स्थिति को देखकर ग्राम पंचायत द्वारा लॉकडाउन के प्रथम चरण से पहले विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए संपूर्ण प्रयास किए/राणावत द्वारा बताया गया कि कोराना वायरस की भयंकर महामारी को देखकर नरेगा श्रमिकों को प्रतिदिन सोशल डिस्टेंस के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे/ग्राम पंचायत द्वारा विकास के कार्यों के बारे में राणावत द्वारा बताया गया कि राजकीय विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया/और ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्वस्थ



भारत अभियान के तहत शौचालय का भी निर्माण कार्य करवाया गया/ग्राम पंचायत के अंतर्गत मुख्य गवाही तालाब के निर्माण कार्य को पूरा कर दिया गया/आज राणावत द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार बताया गया कि बेरोजगार की स्थिति में प्रवासी राज्यों से आए हुए हर परिवार को नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार दिया जा रहा /जल संकट की स्थिति के बारे में राणावत द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा जलभराव की क्षमता को कम करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सर्वे के अनुसार कार्य किया गया/और ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत सभी वार्ड मेन रोड पर सर्वे की जाएगी और जहां जहां जलभराव की समस्या होगी वहां पर तुरंत प्रभाव से जलभराव की समस्या को कम किया जाएगा/ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि द्वारा कोविड-19 के चलते रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा लगाया गया लॉकडाउन से पहले से प्रयास करने की शुरुआत की थी/और आज राणावत के नेतृत्व में सफल प्रयासों का परिणाम सफलता की और आगे बढ़ रहा/राणावत द्वारा बताया गया कि कोविड-19 के चलते ग्राम पंचायत के अधीन सभी प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा/और अधिकारियों के सहयोग के साथ-साथ आम जनता का भी हमें पूरा सहयोग मिला/राणावत द्वारा बताया गया कि कोराना वायरस के चलते हमें सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी हमें सहयोग करना होगा/जरूरतमंद गरीब वर्ग के परिवार की आर्थिक सहायता करने वाले सभी भामाशाह का भी सम्मान करना हमारी पहली प्राथमिकता/राणावत द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार जनता का हमें सहयोग मिला उसी प्रकार और सहयोग की हमें जरूरत है/भरत सिंह राणावत द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत हर समय गरीब से गरीब परिवार के साथ खड़ी रहेगी/उन्होंने बताया कि विश्व की सबसे खतरनाक महामारी लेकिन इसका उपचार सबसे सरल वह हैं सोशल डिस्टेंस बनाए रखें/राणावत द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा किए गए संपूर्ण प्रयासों का श्रेय आम जनता को दिया जाए जिन्होंने हमें संकट काल की विपरीत परिस्थितियों में सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना की इस दौरान संपूर्ण सरे आम जनता को दिया जाए

### आत्मनिर्भर भारत के लिए उद्योग एवं खनिज को बढ़ावा देना आवश्यक

# मध्यप्रदेश में रीयल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस होगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश में उद्योग और खनिज को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योगों को आकर्षित करने एवं निवेश के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बहुत आवश्यक है, परंतु अक्सर इसका दिखावा होता है। हम सुनिश्चित करेंगे कि मध्य प्रदेश में %रियल इज ऑफ डूइंग बिजनेस% हो जिससे निवेशक यहां बिना किसी परेशानी के अपने उद्योग स्थापित कर सकें, सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत अब कमर्शियल माइनिंग का प्रावधान किया गया है, जो कि उद्योग एवं व्यवसाय के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। मध्यप्रदेश में कोयले के साथ ही बॉक्साइट भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कोयला खदानों के साथ बॉक्साइट की संयुक्त नीलामी उद्योगों को बढ़ावा देने में अत्यंत सहायक होगी। हम अपनी खनिज संपदा के दोहन में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। गत वर्षों में यह कार्य धीमा रहा है, परंतु भविष्य में तेजी लाई जाएगी। इससे शासन को राजस्व तो प्राप्त होगा ही, रोजगार के बड़े अवसर सृजित होंगे। संबंधित विभाग इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान चिरायु अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पैकेज 4 के संबंध में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा खनिज विभाग की कार्य योजना संबंधी बैठक ले रहे थे। बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, वाणिज्यिक कर एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, प्रमुख सचिव वित्त मनोज गोविल, प्रमुख सचिव संजय शुक्ला व अन्य संबंधित



अधिकारी उपस्थित थे। वीडियों कॉन्फ्रेंस के प्रारंभ में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव ने आगामी वर्षों के लिये तैयार की गई कार्य योजना तथा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री श्री चौहान को अवगत कराया। कोयला क्षेत्र में सुधार की नीति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अब कमर्शियल माइनिंग का प्रावधान किया गया है। इससे अब कोई भी पार्टी कोल ब्लॉक के लिए बोली लगा सकेगी तथा कोयला खुले मार्केट में विक्रय किया जा सकेगा। प्रतियोगिता बढ़ने से बंद पड़ी खदानें चालू होंगी, नई खदानें शुरू होंगी तथा कोयले के दाम कम होने से पावर, एल्युमिनियम एवं स्टील सेक्टर को लाभ होगा। भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई कोल खदानों की नीलामी सूचना में देश की 41 कोयला खदानों को शामिल किया गया है जिनमें प्रदेश की 11 कोयला खदानें सम्मिलित की गई है। इसकी ड्यू डेट 18 अगस्त रखी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि समय अवधि में सारी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। भारत सरकार की इस नई नीति के चलते मध्यप्रदेश की खनिज आय में लगभग ढाई गुना तक वृद्धि होगी। अभी यह लगभग 5 हजार करोड़ रुपए है जो बढ़कर 12 हजार करोड़ रुपए के लगभग हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि न केवल कोयला बल्कि अन्य खनिजों के उत्खनन संबंधी ऐसी कार्यप्रणाली बनाई जाए, जिससे प्रदेश को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। प्रदेश के 13 खनिज ब्लॉक की नीलामी पूर्ण कर ली गई है। इनसे प्रदेश को 600 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। अन्य 17 खनिज ब्लॉक की नीलामी 3 माह बाद होगी तथा 66 खनिज ब्लॉक में पूर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। आगामी समय में कोल बैड मीथेन के दोहन की भी नीति बनाई जाएगी। इसके साथ ही कोयले के गैसीकरण एवं तरलीकरण के उद्योग लगाने के क्षेत्र में भी कार्य होंगे। इससे जहाँ एक ओर पर्यावरण को हानि नहीं होती है वहीं दूसरी ओर इसका परिवहन भी आसान होता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिये औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, लोक निर्माण, ऊर्जा विभाग, जल निगम तथा नगरीय प्रशासन विभाग से समन्वय कर अधोसंरचना विकास के कार्यों में तेजी लाई जाये वीडियों कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों के उन्नयन के प्रस्ताव तैयार किये जा रहे है। अगले 4-5 वर्षों में लगभग 10 हजार हेक्टेयर भूमि विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें चंबल प्रोग्रेस-वे तथा इंदौर-भोपाल इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर के आसपास 2-2 हजार हेक्टेयर तथा 19 नये चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में 1910 हेक्टेयर भूमि के विकास के प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अधोसंरचना उन्नयन के क्षेत्र में पीथमपुर में सेक्टर 4 व 5 में 587 हेक्टेयर क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया जारी है। आत्मनिर्भर भारत के लिये भारत सरकार द्वारा फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निवेश के लिये नई गाइडलाइन जारी की गई है। इस गाइडलाइन के आधार पर मध्यप्रदेश में फार्मा पार्क की स्थापना हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की कार्यवाई प्रारम्भ कर दी गई है।

# भोपाल जैसा इंक्यूवेशन सेंटर अन्य स्मार्ट सिटी में भी बनायें : मंत्री भूपेन्द्र सिंह




भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भोपाल स्मार्ट सिटी में जैसा इंक्यूवेशन सेंटर बना है, उसी तरह अन्य स्मार्ट सिटी में भी बनायें। श्री सिंह गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भोपाल, इंदौर और ग्वालियर स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी क्षेत्र में ग्रीनरी पर विशेष ध्यान दें। निर्धारित गाइड-लाइन के अनुसार 17 प्रतिशत से कम ग्रीन बेल्ट नहीं होना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि कामर्शियल कॉम्पलेक्स अथवा दुकानें स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा नहीं बनायी जायें। स्मार्ट सिटी मूलभूत सुविधाओं के विकास के कार्य करें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी स्वयं के वित्तीय संसाधन बनायें। उन्होंने कहा कि स्वयं के वित्तीय संसाधनों से ही स्मार्ट सिटी का विकास करें। बैठक में नगर निगम भोपाल कमिश्नर ने बताया कि भोपाल स्मार्ट सिटी क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ जमीन बेचकर 1500 करोड़ रूपये की आय अर्जित की जायेगी। इस राशि से विभिन्न क्षेत्रों में 23 प्रोजेक्ट पूरे किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 2000 शासकीय आवासों के निर्माण का कार्य चल रहा है। इनमें से 700 आवास लगभग पूर्णता की ओर हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आर्क ब्रिज और स्मार्ट सिटी रोड का कार्य जल्द पूरा किया जाए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि कमिश्नर नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर जाकर स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लायें। श्री सिंह ने कहा कि सभी प्रोजेक्ट समय-सीमा में पूरा करें। श्री सिंह ने इंदौर स्मार्ट सिटी में कराये गये कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदौर जैसा कार्य अन्य स्मार्ट सिटियों में भी होना चाहिए। बैठक में स्मार्ट सिटी भोपाल, इंदौर और ग्वालियर के सीईओ ने किये जा रहे कार्यों और आगामी प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने राजस्व जनरेट करने के उपायों के बारे में भी बताया।

## विश्व स्तनपान सप्ताहका आयोजन एक अगस्त से

**भोपाल।** विश्व स्तनपान सप्ताह% 1 से 7 अगस्त के मध्य मनाया जाएगा। इस वर्ष के लिए मुख्य थीम %स्वस्थ दुनिया के लिए स्तनपान का समर्थन%% है। संचालक महिला-बाल विकास श्रीमती स्वाती मीणा नायक ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ-सह-उन्मुखीकरण का आयोजन वेबिनार के माध्यम से किया जायेगा। इसमें कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में इन्फेन्ट एण्ड यंग चाइल्डफीडिंग (ह्ष्टस्न) के लिए डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों पर आधारित प्रशिक्षण, सप्ताह भर की कार्य-योजना साझा की जायेगी। इस कार्यक्रम में सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से शामिल होंगे। सभी ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता यू-ट्यूब की लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से शामिल होंगी।

# ऊर्जा मंत्री ने 12वीं में 7वाँ स्थान पाने वाले अमन को सम्मानित किया

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 12वीं कक्षा विज्ञान विषय में मध्यप्रदेश में 7वाँ स्थान प्राप्त करने वाले अमन तिवारी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। श्री तोमर ने अमन को 5 हजार रुपये उपहार स्वरूप देकर उसका हौसला बढ़ाया। मंत्री श्री तोमर ने अमन के माता-पिता से कहा कि इसके आगे की पढ़ाई में कोई समस्या आये तो मुझे बतायें। उन्होंने कहा कि प्रयास करूंगा कि इसकी शिक्षा में कोई व्यवधान नहीं आये। श्री तोमर



ने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा दिया जाता है। इस योजना का लाभ जरूर लें।

# मानव संग्रहालय में ' नालकेट्टू' की ऑनलाइन प्रदर्शनी

**भोपाल।** भोपाल स्थित इन्दिरा गाँधी राष्?ट्रीय मानव संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनियों में विभिन्न भौगोलिक और पारिस्थितिकीय क्षेत्रों में भारतीय समुदायों के जीवन और संस्कृति को समझने की अंर्तदृष्टि प्रदान करते आवास प्रतिमानों का अदभुत भंडार है। तटीय गांव मुक्ताकाश प्रदर्शनी संग्रहालय की ऐसी ही एक प्रदर्शनी है जो दर्शकों को भारत के तटीय समुदायों के सामाजिकए सांस्कृतिक जीवन को समझने में सहायता करती है। संग्रहालय द्वारा वर्तमान कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन के चलते सभी को अपने साथ डिजिटल रूप से जोड़ने के उद्देश्य से अपने परिसर में प्रदर्शित प्रादर्शों को ऑनलाइन दिखाने के लिए ऑनलाइन प्रदर्शनी श्रृंखला के सातवें सोपान में आज तटीय गाँव मुक्ताकाश प्रदर्शनी स्थित केरल के एक पारम्परिक आवास प्रकार नालकेट्टू . को इसकी मूल जानकारी एवं छायाचित्रों एवं वीडियों सहित ऑनलाईन प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी राकेश भट्ट ने बताया की केरल के पथनमथिट्टा जिले के मन्नाड़ी ग्राम से वर्ष 1990 में लाकर संग्रहालय में प्रत्यारोपित किया गया एक पारंपरिक आवास प्रकार नालकेट्टू वास्तुशास्त्र में वर्णित कतिपय निर्देशों और प्रतिबंधो का पालन करते हुए निर्मित देशज वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। नालकेट्टू मूलत: 15 वीं से 18 वीं शताब्दी के दौरान केरल के दो वृहद समुदायों नम्बूदिरी ब्राह्मण और नायर योद्धा के लिए निर्मित आवास संरचनाओं का प्रतिमान है। इन पर मातृसत्तात्मक संयुक्त परिवार का आधिपत्य हुआ करता था और संपत्ति का हस्तांतरण माता से पुत्री और उसकी पुत्री; नातिन, को होता था।

## सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालय 31 अगस्त तक बंद रहेंगे

**भोपाल।** उप सचिव मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग श्री प्रमोद सिंह ने आदेश जारी किया है कि नोबेल कोरोना वायरस (कॉविड 19) व उससे जनित बीमारी के संक्रमण से बचाव हेतु प्रदेश के संभी शासकीय और अशासकीय विधालाय 31 अगस्त तक बन्द रखने के आदेश जारी किए है । विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जून 2020 द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय 30 जुलाई 2020 तक बंद रखे जाने संबंधी निर्देश प्रसारित किए गए थे। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि लोक स्वास्थ्य एवं लोक हित में प्रदेश की समस्त शासकीय /अशासकीय विद्यालय 31 अगस्त 2020 तक बंद रहेंगे।

# नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश लीड ले

### मुख्यमंत्री चौहान ने नई शिक्षा नीति के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति देश में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इसके क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश लीड ले। इसके सभी प्रावधानों पर राज्य की परिस्थितियों के अनुसार तत्परता के साथ अमल किया जाए। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान न देकर उनका कौशल विकसित करने के लिए प्रदेश में कक्षा छठवीं से ही व्यवसायिक शिक्षा दिए जाने के प्रावधान को जल्द से जल्द लागू किया जायेगा। स्कूली पाठ्यक्रम में संगीत दर्शन कला नृत्य के साथ ही योग का भी समावेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज चिरायु अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा विभाग की गतिविधियों तथा नई शिक्षा नीति के संबंध में प्रदेश में की जाने वाली कार्रवाईयों संबंधी बैठक ले रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार इन्दर सिंह परमार शाजापुर से शामिल हुए। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत, आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र लोकेश कुमार जाटव, उप



सचिव श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव एवं प्रमोद सिंह, के.के. द्विवेदी उपस्थित थे। - शिक्षा मंत्री टीम गठित करें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को तत्परता के साथ लागू करने के लिए शिक्षा मंत्री एक टीम गठित करें जो इस संबंध में कार्रवाई के लिए रूपरेखा बनाए। प्रदेश में विशेष रूप से व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाना है, जिससे बच्चा शुरू से ही अपने क्षेत्र में दक्षता हासिल कर ले तथा उसे भावी जीवन में एक अच्छी आजीविका प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्कूली पाठ्यक्रम में योग एवं नैतिक शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाए। इसके साथ ही संगीत, दर्शन कला, नृत्य, आदि विषय भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में गांवों के क्लस्टर में उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल विकसित किए जाएंगे। इस संबंध में भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार के 10 हजार स्कूल विकसित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संकट के चलते निजी विद्यालय विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस के अलावा अन्य शुल्क वसूल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करे कि यदि कोई अभिभावक बच्चे की फीस नहीं चुका पा रहा है तो भी उसका नाम विद्यालय से किसी भी हालत में नहीं कटना चाहिए। कोरोना संकटकाल में निजी विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री चौहान ने स्कूल शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार से कहा कि वे प्रदेश के स्कूल संचालकों एवं अभिभावकों से बातचीत कर हल निकाले। प्रदेश में कोविड-19 काल में डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए भी डिजिटल शिक्षा प्रारंभ होगी जो उन्हें प्रत्येक सप्ताह 3 दिन दी जाएगी तथा प्रतिदिन 30 मिनट का समय निर्धारित होगा। इसके अलावा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं में सप्ताह में 5 दिन तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में सप्ताह में 6 दिन डिजिटल शिक्षा दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण के लिए रूपरेखा बनाई जाए। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि इस कार्य में लगभग 40 करोड़ की राशि खर्च होगी।

## आते हैं अखबार





नई खबर प्रतिदिन लाते हैं,घर-घर में अखबार ।
भांति-भांति की विषय वस्तु का,करते रोज प्रचार ।

कहीं खबर है राजनीति की,कहीं चुनावी जोर ।
खींचातानी है कुर्सी की, करें रैलियां शोर ।

कितने साधन समाचार के ,लेपटॉप अरु फोन ।
मोबाइल पर नेह लुटाते,रिश्ते अब हैं मौन ।

लूट-पाट ,हत्याओं जैसी ,खबरों की भरमार ।
कोरोना के रोग से पीड़ित ,लाखों हैं बीमार ।।

आग जलाती जब दहेज की,बहन बेटियां खाक ।
कहीं लूट नारी की इज्जत,कर देते नापाक ।

बद से बदतर हाल पड़े जब ,महँगाई की मार ।
डूब कर्ज में कृषक हुए हैं,फाँसी को लाचार ।

कब समाज की बदलेगी यह,भयावह तस्वीर ।
कब टूटेगी शोषण की यह पाँव बंधी जंजीर ।।

**रीना गोयल सरस्वती**
नगर (हरियाणा)

## परिवार

माता पिता की जरूरत हमे बचपन में जितनी होती है
उतनी जी जरूरत उनको बुढ़ापे में हमारी होती है।

रोटी कमाना कोई बड़ी बात नही है लेकिन परिवार के साथ रोटी खाना बड़ी बात है।
इसलिए घर के बाहर दिमाग लेकर जाएं क्योंकि दुनिया एक बाजार है लेकिन घर के अंदर सिर्फ दिल लेकर जाएं क्यों कि वहां एक परिवार है।
परिवार से बड़ा कोई धन नही
पिता से बड़ा कोई सलाहकार नही
मां की छांव से बड़ी कोई दुनिया नही
इसलिए परिवार से बड़ा कोई जीवन नही
अगर जिंदगी एक सफर है तो परिवार उस सफर का सबसे सुंदर हमसफ़र है,इसलिए अपनो के बीच परिवार के साथ रहें।

**आकांक्षा सेन**
**मनेंद्रगढ़ छग**

## राफेल आ गया

बाधाएं बहुत थीं पर, धकेल आ गया
खत्म करने दुश्मनों का खेल आ गया

नाम जिसका हमने, सुना था बहुत
भारत के पास चलके राफेल आ गया

अर्से से पूरा देश कर रहा था इंतजार
खुद में है आया समेटे शक्तियां अपार
कस देने शत्रुओं पर नकेल आ गया
भारत के पास चलके राफेल आ गया


मौजूदगी इसकी नया इतिहास गढ़ेगी
सेना शक्ति इससे और ज्यादा बढ़ेगी
तकनीक व पराक्रम का मेल आ गया
भारत के पास चलके राफेल आ गया

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**

-प्रेमचंद जयंती विशेष

# 'मैं एक मज़दूर हूँ। जिस दिन कुछ लिख न लूँ, उस दिन मुझे रोटी खाने का कोई हक़ नहीं!'--- प्रेमचंद

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक और मानसिक तृप्ति न मिले, हममें गति और शक्ति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य प्रेम न जागृत हो, जो हममें संकल्प और कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करें, वह हमारे लिए बेकार है वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है।÷
जी, हाँ यह प्रसिद्ध उक्ति कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी के हैं...।
आदरणीय प्रेमचंद जी सादर अभिवादन ,
मैं आपकी बचपन से ही बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूँ । या यह कह लीजिए आपकी कहानियाँ और उपन्यासों को पढ़-पढ़ कर ही मैं बड़ी हुई हूँ आपकी हर कहानी अपने आप में अनोखी है । पढ़ कर ही ऐसा महसूस होता है जैसे हम भी उन किरदारों का दर्द समझ पा रहे है उन्हें जी पा रहे हैं । फिर चाहे वो ÷नमक का दारोगा÷ हो या ÷निर्मला÷ या फिर ÷गबन÷ या हो ÷गोदान÷ या फिर ÷कर्म भूमि÷ हो या ÷दो बैलों की कथा÷ हो आपकी हर कहानी अपने आप में कालजयी है जिसे एकबार पढने के बाद बार-बार पढ़ने का मन करता है... । बचपन में मैं कहानियों का अंत पहले ही पढ लेती थी और सोचती थी कि अगर अंत दुखद है तो मै उस कहानी को नही पढूंगी पर फिर न जाने क्यों मै बिना उस किताब को पढे रह ही नहीँ पाती। आपने अपनी लेखनी में शोषित वर्ग का दुख दुनिया के सामने रखा है। बात चाहे ÷पूस की रात÷ की करू या फिर ÷निर्मला÷ की आपने एक नारी की व्यथा को अपनी लेखनी में पिरोया है । साथ ही जानवरों एवं मनुष्यों के सुख-दुःख को भी साझा किया है । मेरे पास आपके जैसे अथाह शब्दों के भंडार तो नहीं जिससे मैं आपके लिए अपनी भावनाएं सही तरिके से लिख सकूँ लेकिन फिर भी एक छोटा सा प्रयास करने जा रही...। प्रेमचंद के बाद ना जाने कितने साहित्यकार आये गये, लेकिन प्रेमचंद जैसा कोई नहीं हुआ। प्रेमचंद एकमात्र ऐसे लेखक हैं जिन्होंने ग्रामीण भारतीय समाज को यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया है। वे आपको उंगली पकड़कर पूरे ग्रामीण भारतीय समाज से अवगत करा देंगे। प्रेमचंद होना विरला है, यूँ ही कोई प्रेमचंद नहीं हो सकता। अपने लेखन की तपस्या से धनपतराय प्रेमचंद हुए और जनमानस के लेखक बन गये। उनके साथ रहते हुए ना जाने कितने लोगों ने पढ़ना और लिखना सीखा। आज भी लोग उनको पढ़कर लिखना सीखते हैं। सच कहा जाये तो वे समस्त लेखकों के गुरु के रूप में भी याद किये जायेंगे। ऐसे गुरु जो अप्रत्यक्ष रूप से किसी को दीक्षा दे रहा हो। प्रेमचंद ने यही कमाल अपनी लेखनी से किया है...। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में मानवीय संवेदनाओं की जो तस्वीर खींची वह सच में अविस्मरणीय है। चाहे ÷ईदगाह÷ का ÷हामिद÷ हो या ÷गोदान÷ का ÷होरी÷ सब पात्रों की पीड़ा को प्रेमचंद इस आसानी से कह गये कि वह हमें अपनी सी लगती है। प्रेमचंद ने ना केवल ग्रामीण भारतीय परिवेश को अपनी कहानियों में दिखाया है बल्कि उन्होंने बहुत सी जगहों पर इसके इतर भी लिखा और हर तरह के शोषण, जातिगत व्यवस्था आदि पर करारा प्रहार किया...। अगर आप लिखते हैं तो आपने कभी ना कभी प्रेमचंद को ज़रूर पढ़ा होगा। यह बात बिल्कुल सच है, कम से कम इतनी तो है ही जितनी होने से प्रेमचंद आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित हैं। प्रेमचंद ख़ुद ग़रीबी में जिये और आजीवन लिखकर रोजी रोटी की लड़ाई लड़ते रहे। लेकिन इस बात से भी उनके जुनून पर कोई फ़र्क नहीं पड़ा, उन्होंने हमेशा सच का साथ दिया और यही कारण है कि वे जनता के लेखक बने...। प्रेमचंद को आदर्श मानकर ना जाने कितने लोगों ने लिखना शुरु किया, ऐसे लोगों को अगर कतार में खड़ा किया जाये तो निश्चित तौर पर कई मील लंबी कतार आपको देखने के लिये मिलेगी। प्रेमचंद का प्रभाव ऐसा है कि वह हर किसी पर अपना स्थायित्व बना लेता है, यही कारण है कि प्रेमचंद आज भी प्रासंगिक हैं। जातिवाद, स्त्री-शोषण आज भी



अपना थोड़ा स्वरूप बदलकर मौजूद हैं। ऐसे में प्रेमचंद का साहित्य आज भी समाज को न्यूनाधिक आईना दिखाता ही है, मानवीय स्वभाव के मनोवैज्ञानिक अंतर्द्वन्द्व को भी प्रेमचंद ने उकेरा है इसलिए भी प्रेमचंद की प्रासंगिकता बनी रहेगी ...। हमारे समाज में आज भी व्याप्त है प्रेमचंद के कहानियों के पात्र--- सच बताऊँ तो प्रेमचंद ही ऐसे लेखक हैं जिनको मैंने प्राइमरी से पढना शुरू की और परास्नातक तक उनका साथ नहीं छुटा। हजारों लोग उन पर शोध कर रहे हैं। लेकिन ये हमारे देश का दुर्भाग्य है आज भी हमारे समाज में प्रेमचंद के पात्र मौजूद है। यही कारण है कि किसी भी दौर में प्रेमचंद पुराने नहीं होते। हर लाचार व्यक्ति उनकी कहानियों व उपन्यासों में अपनी पात्रता ढूंढने लगता है। ÷होरी-धनिया÷ हों या फिर ÷हीरा-मोती÷। ÷घीसू-माधव÷ हों या ÷हामिद÷। ÷गोबर÷ हों या ÷जालपा÷, सच तो यह है कि महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद के उपन्यासों और कहानियों के सैकड़ों पात्र समाज में आज भी जिंदा हैं। उनका चेहरा मार खाया हुआ लगता है। अभावों में किसी का गाल झुर्रियों की झोली बन जाता है तो शोषण की जंगी मशीन किसी के पेट की अंतड़ी को पीठ से चिपका देती है। पांवों में फटी बिवाइयां, गरीबी में झख मारती जिंदगानी और सूदखोरों के चंगुल में छटपटाहट कम नहीं हुई है। समय ने भले करवट ली हो लेकिन जब जहर के चट्टान पर जबान पटक पटक कर कोई किसान आत्महत्या करता तो लगता कि उनकी कहानी का कई पात्र जीवंत हो उठा है। ÷गोदान÷ का नायक ÷होरी÷ समाज में हाशिये पर अभी भी हाजिर है। उसकी मुश्किलें कम कहां हुईं। व्यवस्था की चक्की में पिसकर अंधेरा अरमानों के खाली कनस्तर में गिर ही तो रहा है। प्रेमचंद ने उस समय अंग्रेजी राज में गरीब, अमीर, युवा, किसान, अनपढ़, उच्च शिक्षित हर किरदार पर अपनी लेखनी चलाई। अंग्रेजी राज में लिखी उनकी कहानियां, कथाएं, उपन्यास आज भी युवाओं और आम जन को झकझोरती हैं। प्रेमचंद ने जिस होरी को कर्ज से तिल-तिल कर मरते हुए दिखाया था, आज वह जिंदा है...। ओलावृष्टि के बाद बबार्द और कर्ज के बोझ से कराहते हुए कितने किसानों ने मौत को गले लगा लिया। हताश युवा आज भी बेरोजगारी का दंश झेलने को विवश हैं। कथा सम्राट प्रेमचंद ने जिस अभिजात्य वर्ग के शोषण को उस समय दिखाया था, वह वर्ग आज भी गरीबों का खून चूस रहा है। आज प्रेमचंद को पढ़ने के बाद उनकी बातें काल्पनिक नहीं वास्तविक लगती हैं। आज की समस्याओं पर भी चोट करती हैं। यहीं कारण है कि प्रेमचंद की लिखी सभी किताबें आज हर वर्ग के लोग पढ़ रहे है...।
क?या कारण है कि आज भी लोग मुंशी प्रेमचंद को पढ़ना चाहते हैं---
दरअसल उनकी कहानियों में, उनके उपन्?यासों में सामाजिक सरोकार पूरी शिद्दत से आये हैं। फिर चाहे उनकी कहानी....÷नमक के दरोग़ा हो÷ज÷कफ़न÷ हो....÷शतरंज के खलाड़ी÷ हो,÷ईदगाह÷ हो,÷पंच परमेश?वर÷ हो,÷गुल?ली-डंडा÷ हो,÷बड़े घर की बेटी हो÷,÷बूढ़ी काकी÷ हो या फिर ÷पूस की रात÷।
एक ही बार में पढी जानेवाली उनकी कहानियों में कुछ तो है कि वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनके उपन्?यास...÷गोदान÷, ÷सेवा सदन÷, ÷ग़बन÷, ÷निर्मला÷.....ये सब अलग अलग सामाजिक परिवेश और राजनीतिक परिवेश को लेकर लिखे गये उपन्?यास हैं, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

साथ ही यह भी सच है कि हर लेखक अपना समय लिखता है। जब हर मील पर भाषा और पानी बदलता है तो साहित्?य लेखन में भी बदलाव तो आयेगा ही,इसमें रंचमात्र संदेह के लिये कोई जगह नहीं है। लेकिन वह साहित्?य सरोकारों से परे न हो यह ज़रूरी है। आजकल कहानियों का जो दौर चल रहा है, उसमें अनावश्?यक रूप से शिल्?प,शब्?द विन्?यास व माहौल रचने को प्रमुखता दी जा रही है। कई बार यह विस्?तार और शैल्?पिक चमत्?कार अनावश्?यक रूप से इतना ज़्?यादा हो जाता है कि पाठक बोर हो जाता है और रचना पढ़ना छोड़ देता है। प्रेमचंद की कहानियों में आज के समय व हालात दृष्?टिगत होते हैं हालांकि ये कहानियां और उपन्?यास काफी पहले लिखे गये हैं, पर आज भी उतने ही समसामयिक हैं,जितने पहले थे। इसलिए ÷मुंशी प्रेमचंद÷ %*कलम के सिपाही%* माने जाते हैं...।

मेरे गुरु डॉ अरुण पांडेय सर ने एकबार मजाक में कहा था कि तुम बच्चें तो प्रेमचंद को अपने घर की संपत्ति समझते हो....सर कोटि-कोटि आभार आपका की आपने मजाक में ही बहुत बड़ी बात कह दी,पर सत्य भी यही है कि हम साहित्य प्रेमी प्रेमचंद को अपने घर-परिवार का ही मानते हैं एवं चिरकाल तक मानते रहेंगे...।
मैं आज एक छोटा सा प्रयास की प्रेमचंद जी को लिखने एवं आप प्रिय पाठकों को समझाने का,अंत में प्रेमचंद जी के लिखे एक विचार से आप सभी प्रिय पाठकों को रूबरू करवाना चाहूँगी और उम्मीद करूँगी आप सहमत होंगे.... लिखते तो वह लोग हैं, जिनके अंदर कुछ दर्द है, अनुराग है, लगन है, विचार है। जिन्होंने धन और भोग विलास को जीवन का लक्ष्य बना लिया, वो क्या लिखेंगे...?÷* ÷मैं एक मज़दूर हूँ। जिस दिन कुछ लिख न लूँ, उस दिन मुझे रोटी खाने का कोई हक़ नहीं!÷- प्रेमचंद


**रीमा मिश्रा÷नव्या÷**

# ब्यूरोक्रेसी पर राजनीतिक दबाव हानिकारक है

जिस प्रकार फ़िल्मों में गानों पर अभिनेताओं के द्वारा अभिनय किया जाता लेकिन उसे गाया तो किसी अन्य गायक के द्वारा हैं इसी प्रकार भारत में भी राजनेता केवल अभिनय करते हैं और ब्यूरोक्रेटस् ही वास्तविक कार्य करते हैं। प्रशासन पर सत्ता का शासन एक दृष्टि में सही प्रतीत होता है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों पर राजनीतिक रौब ज़माना कहाँ तक उचित है। बहुत स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी जनता के सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर रहते हैं लेकिन कहा जाता है न कि राजनीति के पंजे इतने लंबे होते हैं कि वे अधिकारी भी उसकी चपेट में आ जाते हैं। फिर यहाँ पर भी जनता का इन दोनों के बीच शिकार होने लगता है। ब्यूरोक्रेसी विभाग ही बड़े पैमाने पर देश को सम्भालने का कार्य करता हैं। आज की राजनीति ने बड़ी मात्रा में इसको भी अपने वश में कर रखा है और इसकी स्वतंत्रता तक पर प्रहार करने लगी हैं। हालांकि ब्यूरोक्रेसी में बड़े बड़े प्रतिभावान व्यक्तियों का ही चयन होता है फिर भी इनको राजनीति के निचले दायरे में कार्य करना पड़ता है। ब्यूरोक्रेसी विभाग ही सम्पूर्ण भारत को ग़रीबी मुक्त और आत्मनिर्भर बना सकता है, इसमें आईएएस अधिकारी होते हैं। आईएएस भारत की सर्वश्रेष्ठ सेवा मानी जाती है जो सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी को उत्तीर्ण करके प्राप्त की जाती हैं। देश के सभी जिला कलेक्टर आईएएस अधिकारी होते हैं उनकी सूझबूझ जिले के कार्यान्वयन में निहित होती हैं जिला प्रशासन उनके द्वारा ही संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन के पास असीम शक्तियाँ होती हैं जो ज़िले को मजबूती प्रदान करती है। जिला कलेक्टर अपने कुशल नेतृत्व से राजनीति के साथ सामंजस्य स्थापित करके सम्पूर्ण जिले को छोटे स्तर से लेकर ग़रीबी उन्मूलन का कार्य कर सकते हैं। सर्वप्रथम प्रशासन को अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी गाँव व शहर के मुख्य - मुख्य व्यक्तियों को इसमें




योगदान देने के लिए प्रेरित करना होगा।फ़िर छोटे स्तर पर लघु उद्योग का कार्य शुरू करना होगा जो पूर्ण रूप से स्वदेशी हो इससे आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी मजबूती मिलेगी।ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अपने क्षेत्र में उपयोगी उद्योग को बढ़ावा देना होगा। गांवों में किसानों के लिए अथवा शहर में व्यापारियों के लिए प्रत्येक छोटी छोटी समस्याओं का समाधान ब्लॉक स्तर के अधिकारी मजबूती से कर सकते हैं और उनको अपने क्षेत्र के विधायक के साथ सामंजस्य बिठाना होगा। जिससे कार्य को अच्छी तरह से यथार्थ रूप दिया जा सके। जिला प्रशासन के द्वारा गठित टीमें हर ब्लॉक का सावधानी पूर्वक निरीक्षण करें। ग़रीब को कभी भी मुफ़्त में कुछ भी नहीं दिए क्योंकि ये उनको विकलांग बनाने का कार्य हो जाता है।जनता को एक बात याद रखनी चाहिए कि ÷जब कोई चीज़ मुफ़्त मिल रही हो तो समझ लेना आपको उसकी कोई बड़ी क़ीमत चुकानी होगी÷ । इसलिए उनके लिए कोई कार्य संपादित किया जाए और उस कार्य से मिलने वालें पैसे ही उन्हें दिए जाए ताकि वो भी आत्मनिर्भर बन सके। ऐसा करने से उद्योग से आने वाले पैसे से जिले की आय में वृद्धि होगी जिससे और भी अन्य विकास के कार्य में लगाया जा सकता है। यहाँ पर राजनेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वो प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों में दखल न देकर उनका सहयोग करें ताकि भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। यहाँ पर अब राजनीति को या तो ब्यूरोक्रेसी विभाग का साथ देना होगा या फिर इन्हें पूर्ण स्वतंत्रता देनी होगी ताकि ये अपना कार्य बिना किसी के हस्तक्षेप से कर सके।

**कवि दशरथ प्रजापत**
**पथमेड़ा, जालोर (राजस्थान)**
**ङ्खद्ध. ह्य 8875577034**

# रक्षाबंधन का धागा

रक्षाबंधन भाई-बहनों के बीच प्यार, और स्नेह का एक सुंदर त्योहार है। रक्षाबंधन वह त्योहार है, मुख्यतः हिंदुओं में प्रचलित है। पर इसे भारत के सभी धर्मों के लोग समान उत्साह से मनाते है। यही तो एक ऐसा दिन है, जो भाई बहन के लिए बना है। हिंदू श्रावण मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला त्योहार है। रक्षा बंधन के दिन बहन अपने भाई की कलाई के चारों तरफ एक धागे को सुरक्षा के प्रतिक में रूप में बांधती है, और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है,और वह उसकी रक्षा और ख्याल रखने का वादा करता है। रक्षाबंधन भाई -बहन के अटूट प्यार की निशानी है। भारतीय त्योहारों की तरह राखी के त्योहार से भी महा भारत, पौराणिक और ऐतिहासिक कहानियां जुड़ी है।

महाभारत की कथा में भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध करने के लिए जब सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल किया तब उनकी तर्जनी उंगली में चोट लग गयी थी और रक्तस्राव होने लगा।तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी के आंचल के एक हिस्से को फाड़कर भगवान कृष्ण के उंगली के चारों ओर बांध दिया था, इससे भगवान श्रीकृष्ण के हाथ का रक्तस्राव रुक गया। भगवान कृष्ण ने द्रौपदी की एक बहन जैसे रक्षा की जब दुर्योधन ने द्रौपदी का वस्त्रापहरण किया तब भगवान कृष्ण ने उनकी बहन द्रौपदी की भरी सभा में उनकी इज्जत लाज बचायी। 1535 में जब चित्तौड़ के रानी कर्णावती को एहसास हुआ कि, वह गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह के आक्रमण से अपने राज्य का बचाव नहीं कर सकती तब उसने साम्राट हुमायूं को एक राखी भेजी। कहानी के अनुसार,



हुमायूं चित्तौड़ की रक्षा के लिए अपने सैनिकों के साथ रवाना हो गया था तब सुल्तान बहादूर शाह के साथ युद्ध कार्स के उन कि राज्य की रक्षा की। ऐतिहासिक कथाओं में अलेक्जांडर के पत्नी रोक्साना और किंग पोरस की कहानी प्रसिद्ध है। उस कहानी के अनुसार जब सिकंदर महान ने 326 इसा पूर्व में भारत पर आक्रमण किया, तब उनकी पत्नी रोक्साना ने पोरस को एक पवित्र धागा भेजा, और उससे कहा कि लड़ाई में उनकी पति को नुकसान नहीं पहुंचाए। परंपरा के अनुसार कैकेय साम्राज्य के राजा पोरस ने राखी के प्रति पूर्ण सम्मान दिया।हैइडस्पेश की लड़ाई में जब पोरस ने अपनी कलाई पर राखी को देखा, तब उसने खुद को सिकंदर पर हमला करने से रोक दिया। इस तरह रामायण, महा भारत से अभी तक रक्षा बंधन का महत्व, त्योहार मनाते आए है। भारत तो एक ऐसा देश है जहाँ हर त्योहार को एक अलग ही रंग में मिल कर मनाया जाता है। आज यह त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है, और हर भारतीयवासी को इस त्योहार पर गर्व है। यह देखकर दुःख होता है कि, आज रक्षा बंधन बस नाम का त्योहार रह चूका है लोग अपनी संस्कृति भूल चुके है,एक वो जमाना था तब पूरा परिवार मिल कर रक्षा बंधन का त्योहार को मनाते थे। जैसे ही रक्षाबंधन का त्योहार आता था बहने अपने घर जाती थी और साथ में अपने नन्ने मुने बच्चों को उनके ननिहाल ले जाती थी। वो बच्चे ननिहाल पहुंच कर एक अलग ही ख़ुशी महसूस करते थे,पूरा परिवार एक साथ मिल कर खाना बनाते थे एक साथ बैठ कर बाते करना पर, आज का आधुनिक जमाना व्हट्सएप्प फेसबुक इन्स्ग्राम पर? एक दुसरो को मैसेज करते है। अब जमाना बदल सा गया है लोग अपनी फॅमिली से ज्यादा सोशल मीडिया पे टाइम खराब करते है। सब लोग एक साथ एक परिवार में होकर भी अलग अलग रूम में बैठ कर अपने अपने फ़ोन में लगे रहते है। कही लोग पोस्ट कर राखी सेंड करते है,एक वो जमाना था तब सब मिल कर रक्षाबंधन के त्योहार का बहुत प्यार से मनाते थे, पर आज का जमाना कुछ और ही मोड़ पे खड़ा है। भाइयों की कलाई पर राखी सिर्फ इसलिए नहीं बंध पाती क्योंकि उन की बहनों को उन के माता पिता ने इस दुनिया में आने ही नहीं दिया। यह बहुत ही शर्मनाक बात है कि, जहाँ देश में कन्या पूजन होता है वही एक तरफ कन्या भ्रूणहत्या के मामले सामने आते है। यह त्योहार हमें यह भी याद दिलाता है कि बहनें हमारे जीवन में कितना महत्व रखती है। अगर हमने कन्या भ्रूणहत्या पर जल्द ही काबू नहीं पाया तो, मुश्किल है एक दिन देश में लिंगानुपात और तेजी से घटेगा। अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन ये संस्कृति ख़त्म होने के कगार पे होगी अब आपको सोचना है आप क्या करना चाहते हो?

**सिलिस्ती करुरिया**
**अजमेर(राजस्थान)**

## राखी के धागों से जुड़ी हैं मानवीय संवेदनाएं

रक्षाबंधन यानी सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का सांस्कृतिक पर्व। प्यार के धागों का एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचारित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के हाथ में राखी बांधने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है - तब से अब तक नारी सम्मान एवं सुरक्षा पर केंद्रीत यह विलक्षण पर्व है। इस दिन बहनें अपने भाई के दायें हाथ पर राखी बांधकर उसके माथे पर तिलक करती हैं और उसकी दीर्घ आयु की कामना करती हैं। बदले में भाई उनकी रक्षा का वचन देता है। ऐसा माना जाता है कि राखी के रंगबिरंगे धागे भाई-बहन के प्यार के बंधन को मजबूत करते हैं और सुख-दुख में साथ रहने का विश्वास दिलाते हैं। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बंधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। यह पर्व आत्मीयता और स्नेह के बंधन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। यही कारण है कि इस अवसर पर न केवल बहन भाई को ही अपितु अन्य संबंधों में भी रक्षा के लिए राखी बांधने का प्रचलन है। गुरु शिष्य को रक्षासूत्र बांधता है तो शिष्य गुरु को।




भारत में प्राचीन काल में जब स्नातक अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात गुरुकुल से विदा लेता था तो वह आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उसे रक्षासूत्र बांधता था जबकि आचार्य अपने विद्यार्थी को इस कामना के साथ रक्षासूत्र बांधता था कि उसने जो ज्ञान प्राप्त किया है वह अपने भावी जीवन में उसका समुचित ढंग से प्रयोग करे। इसी परम्परा के अनुरूप आज भी किसी धार्मिक विधि विधान से पूर्व पुरोहित यजमान को रक्षासूत्र बांधता है और यजमान पुरोहित को। इस प्रकार दोनों एक दूसरे के सम्मान की रक्षा करने के लिये परस्पर एक दूसरे को अपने बन्धन में बांधते हैं। राखी के दो धागों से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है। राखी के त्योहार का ज्यादा महत्व पहले उत्तर भारत में था। आज यह पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे नारली पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। लोग समुद्र में वरुण राजा को नारियल दान करते हैं। नारियल के तीन आंखों को भगवान शिव की तीन आंखें मानते हैं। दक्षिण भारत में इसे अवनी अविट्टम के नाम से जाना जाता है। पुराने जमाने में रक्षाबंधन का अलग महत्व था। आवागमन के साधन और सुविधाएं नहीं थीं। इसलिए ससुराल गयी बेटी के लिए यह सावन के महीने का विशेष पर्व था। राखी के बहाने स्वजनों और भाइयों से भेंट की भावना छिपी होती थी। सभी शादीशुदा लड़कियां मायके आती थीं। सखी-सहेलियां आपस में मिलती थीं, नाचती-गाती थी और अपने लगे हाथ सुख-दुख भी मिल-बांट लेती थीं।

**प्रफुल्ल सिंह बेचैन कलम**
**शोध प्रशिक्षक एवं साहित्यकार**
**पोस्ट - गोमती नगर. जनपद - लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**
**व्हाट्सएप - 8564873029**

## आया सावन

ऐ सावन तू झूम के आना
धरती की फिर प्यास बुझाना।


उमड़ उमड़ कर गरज गरज कर
खुशियोंकी बोछार तू लाना ।

तू सबके मनको भाता है
करते सब सावन से प्यार।

तुझे से नंदी समुद्र बने है
तुझ से पेड़ों में आई बहार।

तुझ से देव महादेव आते
महिने भर त्योहार मनाते।

तुझ से राखी का त्योहार
सावन में तो देखो देखो
कान्हा जी आए संसार।

तुझ से गणपति घर में विराजे
खूब मनाये तीज त्योहार ।

ऐ सावन तू लोट के आना
करते हैं तेरा इन्तजार ।

तुझ से बगिया खिल यूँ उठी है
मन में इक आशा सी जगी है।

तुझ से खेत और खलियान
राहा देखता है किसांन।

तुझ से मोर पपीहा नाचे
कोयल मीठे राग सुनाते
तू पूरी करता सब आशा
धरती की तू प्यास बुझाता।

तू मन में लाता है बहार
करते हैं तेरा इन्तजार
ऐ सावन तू झूम के आना
खुशियों से मन को भिगाना।

**राधा शर्मा**
**इन्दौर मप्र**

## विषय : झूला

झूला झूलने की ऋतु आई
देखो कितनी खुशियाँ लाई
झूला झूले हर नारी
चाहे ब्याही हो या कुंवारी द्य


जब आती था सावन, सब खुश होते थे
लगाएंगे तीज, साथ झूला झूलेंगे
मिलकर सब एक लेते थे रस्सा
मिल ही जाता था बस, महंगा या सस्ता
पींग डाल हम खुश होते थे
वारी से फिर सब, झूले लेते थे द्य

मेरा भी दिल ये कह रहा है
बचपन में मुड़ चल, जिद कर रहा है
क्या पता मिल जाएं, प्यारी सखियाँ
मिल के कर सकूँ, मैं उनसे बत्तियां
मिल जाए वो बचपन प्यारा
जो ना छोड़े , कभी पीछा हमारा द्य

दिल कहता है कि झूलूँ मैं ऐसे
सास का नाक, तोड़ लाते थे जैसे
जाती थी पींघ मेरी, जब पत्तों पर
लगता थी उड़ रही, बीच आसमान के
आज वो समय, बड़ा याद आ रहा है
पींग झुला मुझको कह रहा है द्य

**करमजीत कौर, शहर- मलोट**
**जिला श्री मुक्तसर साहिब, पंजाब**
**सवरचित एवम मौलिक**

## तेरी यादें जीवित रहेंगी...

आँखों में बसी तेरी तस्वीर..
मिटाना चाहता हूँ..
हर वो स्मृतियों को भुलाना चाहता हूँ..
तेरी गर्म साँसों की गुलाब सी ख़ुश्बू..
जो मेरे जेहन में अभी भी महक रही है..
विदेशी इत्र भी छिड़कने पर भी..

जरा भी कम नहीं होती..
तेरे प्रीत की महक जो वर्षों से
मेरे तन मन पर छाई हुई है..
अभी भी दिल के किसी कोने में..
तेरा शायद हो रहा है इंतज़ार..
जो तेरा मेरा जन्मों साथ रहने का
हुआ था करार..
वो इज़हार..
चुपके चुपके साथ घूमना..
कितनी ख़ुशियाँ मिलती थी अपार..
बस!अब तो बची हैं तेरी स्मृतियां..
पत्थर पर लकीर खींचने से..
निशान पड़ जाते हैं..
पर तेरी यादें पत्थर से भी ज़्यादा..
अमिट छाप छोड़ चुकी हैं मेरे अंतर्मन में..
काश! तेरी क्या मजबूरी रही..
भले ही तू न मिल सकी..
तेरी यादें शायद अब न मिट सकेंगी
मेरे अंतिम सांस तक जीवित रहेंगी...

**स्वरचित व मौलिक**
**सादर**
**लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव**
**बस्ती [उत्तर प्रदेश]**
**मोबाइल 7355309428**

# हैक्ड की रिलीज की तैयारी में जुटी हिना



अभिनेत्री हिना खान अपनी अगली हॉरर ड्रामा फिल्म ÷हैक्ड÷ की रिलीज की तैयारियों में जुटी हुई हैं। इसके साथ ही हिना ने लोगों से असल जिंदगी में भी अपने स्टॉकर्स से लड़ने के लिए पर्याप्त साहसी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा ?कि ÷लोग मुझे जिस तरह की कहानियां बता रहे थे, उन्हें सुनकर मैं डर गई। मैं अपराध की इस प्रवृत्ति और लोग जिस तरह से इनका सामना करते हैं, इस बात से अनजान थी। मेरे और विक्रम, दोनों के लिए यह आंखें खोल देने वाला रहा है।÷ हिना ने आगे कहा ?कि ÷मुझे खुशी है कि हमने यह फिल्म की है, ताकि लोग अपने स्टॉकर्स का सामना करने का साहस जुटा सकें। पहला कदम हमेशा ही उस अपराध को जानने और उसके बारे में बात करने से है। कुछ पीड़ितों ने इन अपराधियों का डटकर सामना किया है और मैं उनके इस साहस से प्रभावित हूं।

## 'तख्त' का टीजर आया सामने

बॉलीवुड के टॉप फिल्म मेकर करण जौहर की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली फिल्म %तख्त% के बजट और स्टार कास्ट को लेकर कुछ अफवाहें सामने आई थी, लेकिन अब इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर सामने आ चुका है, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। बता दें ?कि करण जौहर ने सोशल मीडिया पर तख्त का यह टीजर जारी किया है। यह ?फिल्म इतिहास पर आधारित है। इस फिल्म ÷तख्त÷ को अगले साल 24 दिसंबर को रिलीज किए जाने की तैयारी है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, विकी कौशल, करीना कपूर खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में है। टीजर शेयर करते हुए करण ने कैप्शन में लिखा ?कि ÷तख्त पेश कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता हिरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्वा मेहता ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट सुमित रॉय ने लिखी है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, विकी कौशल, करीना कपूर खान, अनिल कपूर, आलिया भट्ट, जान्हवी कपूर और भूमि पेंडनेकर नजर आएंगे।

## अब वेतन असमानता पर बोली ऋचा

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने हिंदी फिल्म उद्योग में वेतन असमानता पर बात की है। उन्होंने कहा कि जिस दिन सभी कलाकार बॉक्स-ऑफिस पर समान कारोबार करने में सक्षम हो जाएंगे, उस दिन यह समस्या मौजूद नहीं रहेगी। ऋचा ने कहा ?कि ÷मुझे बॉलीवुड में वेतन समानता के संबंध में इस तरह के अनुभव नहीं रहे हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि इंडस्ट्री बॉक्स-ऑफिस पर आपकी सफलता का आपको इनाम देती है। मुझे लगता है कि जब बॉक्स-ऑफिस पर किसी का प्रदर्शन अच्छा होगा तो उसे इसकी अच्छी रकम भी मिलेगी। जिस दिन लोग अच्छा कारोबार कर पाने में सक्षम हो जाएंगे, उस दिन सब कुछ ठीक हो जाएगा और कोई भी समस्या नहीं रहेगी।

# अभिनेत्री प्रियंका को अपनी आइडियाल मानती हैं दिशा पाटनी



**मुंबई ।** अभिनेत्री दिशा पाटनी बॉलिवुड में अपना मुकाम बनाने में धीरे-धीरे सफल होती दिख रही हैं। हालिया फिल्म %मलंग% के कारण दिशा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अब दिशा बॉलिवुड की टॉप अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं। पाटनी का मानना है कि वह प्रियंका चोपड़ा से बेहद प्रेरित हैं, और वह उन्हीं की तरह बनना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में दिशा पाटनी ने कहा कि वह बॉलीवुड की %देसी गर्ल% प्रियंका चोपड़ा को काफी फॉलो करती हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए प्रियंका एक प्रेरणा की तरह हैं। एक छोटे शहर से आकर ना सिर्फ बॉलिवुड बल्कि आज हॉलिवुड में अपना मुकाम बनाना आसान काम नहीं। प्रियंका ने जो किया है, उससे अपने देश का नाम भी ऊंचा हुआ है।% प्रियंका से खुद को जोड़ते हुए दिशा कहती हैं कि मैं भी उनकी तरह ही एक छोटे शहर बरेली से आती हूं। अपने करियर के बारे में विस्तार से बात करते हुए दिशा कहती हैं, मैं बॉलिवुड में पहले मजबूत पकड़ बनाना चाहती हूं। पाटनी कहती हैं,मैंने यहां सभी बड़े अभिनेता के साथ काम किया है और अच्छे रोल मुझे ऑफर हो रहे हैं। हालांकि दिशा का मानना है कि अभी उन्हें बॉलिवुड में बेहतर मुकाम के लिए काफी काम बाकी है। एक सवाल पर क्या प्रियंका की तरह क्या वह भी हॉलिवुड में जाना चाहती हैं? दिशा ने कहा, सच कहिए तो अभी मैंने इस बारे में कुछ सोचा नहीं है। मेरा कोई एजेंट भी नहीं है, जो मुझे हॉलिवुड तक ले जाए। मैं मानती हूं कि हॉलिवुड के लिए ऑडिशन देना तक इतना आसान नहीं है। मैं फिलहाल बॉलिवुड में अच्छा काम कर रही हूं और भगवान से यही प्रार्थना है कि बेहतर काम यहां करती रहूं।

# खतरों के खिलाड़ी 10 सीजन में करण पटेल ले रहे सबसे ज्यादा पैसा



**मुंबई।** खतरों के खिलाड़ी 10 जल्द शुरू होने वाला है। इस बार शो में करण पटेल, करिश्मा तन्ना, अदा खना, शिविन नारंग, धर्मेश, आर जे मलिष्का और तेजस्वी प्रकाश जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। इसी बीच खबरें आ रही हैं कि करण पटेल रोहित शेट्टी के शो के सबसे अधिक वेतन पाने वाले है। दरअसल, खबर के मुताबिक,खतरों के खिलाड़ी का स्पेशल एडिशन जल्द ही शूट होने वाला है। इसमें पुराने खिलाड़ी नजर आने वाले हैं। इस स्पेशल एडिशन के हर एपिसोड के लिए करण पटेल 5-6 लाख रुपये मिलेगा। स्पेशल एडिशन में कम से कम 10 एपिसोड की शूटिंग बुल्गारिया में होगी। कंटेस्टेंट जल्द बुल्गारिया जाने वाले हैं। करण पटेल भी इस शो का हिस्सा होने वाले हैं, उन्हें एक एपिसोड के 5-6 लाख रुपये मिलेगा। इस एपिसोड को रोहित शेट्टी ही होस्ट करने वाले है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण पटेल, करिश्मा तन्ना, बलराज सयाल और शिविन नारंग शो के टॉप 4 प्रतिभागी हो सकते हैं। इस बार खतरों के खिलाड़ी में रोमांच दोगुना होने जा रहा है। शो के कई प्रोमो शेयर किए जा चुके हैं। प्रोमो में इस सीजन के सभी कंटेस्टेंट से रूबरू करवा दिया गया है। खतरों के खिलाड़ी 22 फरवरी से कलर्स पर प्रसारित होगा। याद दिला दें,खतरों के खिलाड़ी का पिछला सीजन हर मायने में काफी सफल साबित हुआ था। शो के बेहतरीन स्टंट से दर्शकों का मनोरंजन तो हुआ ही, साथ ही साथ उस सीजन ने टीआरपी के मामले मे भी कई कीर्तिमान रचे।

# सारा से अमेरिकी एयरपोर्ट पर क्यों होती हैं पूछताछ, बताया सच



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान फिल्म लव आज कल रिलीज के बाद उसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान सारा ने अपनी जिंदगी से जुड़ी काफी दिलचस्प जानकारी दी हैं। सारा ने बताया है कि जब भी वह अमेरिका जाती हैं,तब अथॉरिटीज उन्हें रोक लेते हैं। दरअसल सारा वह कभी 96 किलोग्राम की हुआ करती थीं और पासपोर्ट में उसी समय की तस्वीर है। अब सारा बिल्कुल अलग दिखती हैं, इसकारण उन्हें एयरपोर्ट पर अधिकारियों बताना पड़ता है कि वह कैसे फैट टू फिट हुई हैं। सारा ने बताया कि कई बार अधिकारियों को उनकी बात पर विश्वास नहीं होता है। इसके अलावा उनके उपनाम से भी कन्फ्यूजन होता है। दरअसल सारा के पास एक स्टूडेंट वीजा भी है, जिसमें उनका सरनेम %सुल्तान% लिखा है। बता दें सारा ने अपनी पढ़ाई अमेरिका से की है और अपने दोस्तों से मिलने के लिए यूएस जाती रहती हैं। वह नहीं चाहती हैं कि अमेरिका में उनकी एंट्री पर बैन लगा दिया

# सारा ने शेयर किया मां अमृता के साथ अपना कोलॉज



सारा अली खान ने 2018 में बॉलिवुड में डेब्यू किया, तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके अलावा वह अपनी शानदार अभिनय के दम पर अपने फैंस के दिल पर राज करती हैं। सारा अली खान अक्सर अपने फोटोज और विडियो शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने अपनी तस्वीर और मां अमृता सिंह की तस्वीर का एक कोलॉज शेयर किया है। मां के साथ कोलॉजसारा अली खान ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तस्वीर और मां अमृता सिंह की तस्वीर का एक कोलॉज शेयर किया है। इस कोलॉज को देखने के बाद आपको अमृता सिंह और सारा अली खान में अंतर करना मुश्किल होगा। जहां अमृता ने क्रीम कलर की साड़ी पहन रखी है, वहीं सारा ने पिंक कलर का लहंगा पहना हुआ है। दोनों ही बेहद प्यारे लग रहे हैं।

# असिम रियाज ने फिल्मी स्टाइल में हिमांशी को प्रपोज

**मुंबई।** पंजाबी गायिका हिमांशी खुराना को बिगबॉस 13 के प्रतिभागी असिम रियाज ने प्रपोज किया था, जोकि हिमांशी को फिल्मी लगा। बताया गया कि बिगबॉस के घर में एक टास्क के मद्देनजर हिमांशी असिम रियाज का कनेक्शन बन कर आई हैं। दरअसल, असीम ने हिमांशी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और अपने घुटनों पर बैठकर हिमांशी को प्रपोज किया। हालांकि हिमांशी असिम के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में संकोच कर रही थी। वहीं, हिमांशी ने रश्मि से कहा कि असिम की भावनाएं उनके लिए जितनी मजबूत हैं, उनके मन में उतनी मजबूत भावनाएं असिम के लिए नहीं हैं। वहीं एक वीडियो में रश्मि ने हिमांशी से कहा कि असिम उन्हें बेहद प्यार करते हैं, लेकिन वह उनसे उतना प्यार नहीं करती हैं। इस पर हिमांशी ने ?कहा ?कि भावनाएं स्वाभाविक होती हैं, अगर कोई मेरे लिए भावनाएं विकसित करता है तो इसके लिए मुझे क्यों जिम्मेदार ठहराया जा रहा है? इस पर रश्मि ने कहा ?कि जिस तरह आप दोनों साथ नजर आते हो, ठीक वैसे बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड ही नजर आते हैं। यह दोस्ती तो नहीं है।÷ इसके अलावा हिमांशी ने कहा कि पिछले महीने बिगबॉस से निकाले जाने पर बहुत सारी बातें पता चली थीं। दरअसल, जब मैं बाहर गई तो मुझे कई चीजें पता चलीं। मुझे उन्हें स्पष्ट करना है। मैं बहुत स्पष्ट थी, लेकिन असीम के कुछ करीबी लोगों ने मुझे यह स्वीकार नहीं करने के लिए कहा था।

# टेलीविजन में महिला पुलिस की भी एक अलग दुनिया है: गुलकी



**मुंबई ।** अभिनेत्री गुलकी जोशी एक टेलीविजन कार्यक्रम में पुलिस की भूमिका निभा रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि महिलाएं बॉलीवुड के साथ-साथ टेलीविजन में भी पुलिस की अपनी एक दिलचस्प दुनिया बना सकती हैं। उन्होंने कहा ?कि ÷टेलीविजन और बॉलीवुड दोनों में महिलाओं के लिए पुलिस की एक अपनी दुनिया होनी चाहिए और इस सभी में मैं अभिनय करना पसंद करूंगी। मुझे ऐसा लगता है कि महिलाएं एक बेहतरीन कॉप यूनिवर्स या पुलिसवालों की अपनी दुनिया बना सकती हैं।÷ बता दें ?कि गुलकी उन चुनिंदा टेलीविजन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपने लिए एक पुलिस अधिकारी के किरदार को चुना है। इसके अलावा गुलकी ने फेमस शो एफ.आई.आर के बारे में भी कहा ?कि ÷हां, जब मैंने मैडम सर की कहानी सुनी, तब मेरे दिमाग में तुरंत एफ.आई.आर. का ख्याल आया, लेकिन जब मुझे अपने किरदार के बारे में व इसे किस तरह से निभाया जाना है और कहानी किस तरह से आगे बढ़ेगी, इन सबके बारे में और ज्यादा पता चला, तो मेरे लिए यह सब कुछ बेहद चौंकाने वाला रहा, क्योंकि यह एफ.आई.आर. से बिल्कुल अलग है।÷उन्होंने आगे कहा, ÷सोनी सब के शो मैडम सर में कॉमेडी का भी तड़का है। यह एक हल्के मिजाज और बेहतर अनुभव देने वाला शो है, जिससे लोग खुद को आसानी से जोड़ पाएंगे। इसमें महिला शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा, जहां चार पुलिस अधिकारी अपराध को सुलझाने के लिए एक नया तरीका अपनाते हैं।

## फूड अधिकारी आधार सीडिंग कार्य के गैप को शीघ्र पूरा करायें

# आधार सीडिंग का कार्य जिले में 73 प्रतिशत संतोषजनक नहीं - कलेक्टर



मुरैना 30 जुलाई 2020/ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित 25 श्रेणी के परिवारों को जारी की गई पात्रता पर्ची में शामिल सदस्यों के आधार सीडिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा करने पर मुरैना जिले में पात्रता पर्चीधारी सदस्यों की संख्या 1098349 है, इनमें से 823417 सदस्यों की आधार सीडिंग की जा चुकी है, शेष 274932 द्वारा सीडिंग नहीं कराई गई है, 31 जुलाई तक संबंधित शा.उ.मू.दुकानों पर उपस्थित होकर आधार सीडिंग कराने हेतु सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने सख्त निर्देश दिये है। यह निर्देश उन्होंने गुरूवार को कलेक्टर कक्ष में फूड अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत आधार फीडिंग का कार्य हो जाना चाहिये, जिन परिवारों में मुखिया का आधार जुड़ा है, अन्य परिवारों का नहीं जुड़ा है। वे समस्त परिवार का आधार कार्ड फीडिंग करावें। जिन बच्चों के फिंगर फ्रिन्ट में कठिनाई आ रही है, उन्हें शीघ्र अपडेट करावें। त्यौहार से पहले कोई भी परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहें। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक श्री बीएस तोमर, सहायक श्री विपिन श्रीवास्तव सहित विकासखण्ड स्तर के सहायक फूड अधिकारी उपस्थित थे।

संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल के आदेशानुसार कोविड-19 के संक्रमण के कारण गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है, ऐसे गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित 25 श्रेणी के परिवारों को स्थानीय निकाय द्वारा जिले के सत्यापित 33435 हितग्राहियों एवं वर्तमान में सम्मिलित पात्र परिवारों में से छूटे हुये सदस्यों को जोड़कर नवीन पात्रता पर्ची जारी की जाना है, ताकि 15 अगस्त 2020 को हितग्राहियों को पात्रता पर्ची जारी की जा सके। मुरैना जिले में इन हितग्राहियों को अप्रैल 2020 में बिना पात्रता पर्ची एवं बिना आधार कार्ड के खाद्यान्न वितरण किया गया था। इन हितग्राहियों को पात्रता पर्ची जारी करने हेतु स्थानीय निकाय में उपस्थिति होकर आधार कार्ड सीडिंग दिनांक 06.08.2020 तक कराया जाना आवश्यक है। आधारकार्ड सीड नहीं कराई जाने की स्थिति में पात्रता पर्ची जनरेट नहीं होगी। इसी प्रकार जिले में विगत 06 माह से राशन प्राप्त न करने वाले उपभोक्ता जिन्होंने आधार कार्ड सीडिंग नहीं कराये हैं, उनकी सूची शा.उ.मू.दुकानों पर चस्पा करवाई गई है। अनुपलब्ध (मृत, डुप्लीकेट, विवाह एवं अन्य कारणों से परिवार में नहीं रहने वाले) हितग्राहियों को पृथक किया जाना है। पृथक किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची का प्रिंट निकालकर ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय के कार्यालय एवं उचित मूल्य दुकानों पर सुगमता से दिखाई देने वाले स्थान पर चस्पा कराया गया है। साथ ही जिले की बेवसाइट पर भी प्रदर्शित कराया गया है। इन उपभोक्ताओं को जारी पात्रता पर्ची निरस्त की जा रही है। उपभोक्ता हटाने हेतु प्रस्तावित सूची में शामिल अपना परिवार एवं अपने सदस्यों की जानकारी सूची में देख लें। यदि उनकी नाम हटाने वाली सूची में हैं, तो वह दावा आपत्ति शहरी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत कर सकेगे। दावा आपत्ति प्रस्तुत न करने वाले उपभोक्ताओं की पात्रता पर्ची को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उपभोक्ता अपनी आईडी प्रविष्टि कर एम-राशन एप व एम-राशन मित्र पोर्टल से भी देख सकेंगे एवं दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम 7 अगस्त 2020 तक है।

# म्यूजिकल नाईट स्पेशल मोहम्मद रफी नाईट के विजेताओं की हुई घोषणा

**सदी के महानायक मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि स्पेशल**

मुरैना(अर्पित गुप्ता)

म्यूजिकल नाईट स्पेशल मोहम्मद रफी आदित्य क्रिएशन कंपनी द्वारा आयोजित की गई थी जिसके ऑर्गेनाइजर आदित्य सक्सेना जी है।आदित्य क्रिएशन के डायरेक्टर आदित्य सक्सेना जी ने बताया कि यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए बहुत ही खुशी की बात है, यह ऑनलाइन म्यूजिकल कम्पटीशन मध्यप्रदेश



में प्रथम बार हुआ हे इसमें कई अलग अलग शहरों से कई अलग प्रांतों से बच्चों और महिलाओं ने मोहम्मद रफी नाइट में हिस्सा लिया इसीलिए अधिक से अधिक लोगों ने इंटरेस्ट लिए आदित्य जी ने बताया कि इसमें 72 एंट्री आई थी उनमें से पंद्रह एंटी कंपनी ने लि इस म्यूजिकल नाईट में उम्र की कोई सीमा नहीं रखी गई थी एवं केवल 15 एंट्रियां ही ली, कंपनी ने जिसमें ऑनलाइन वोटिंग के आधार पर रिजल्ट जज के द्वारा रफी जी की पुण्यतिथि पर विजेताओं की घोषणा की, जिसमें मुरैना से मयंक शर्मा, रूपाली वर्मा, विनर रहे और द्वितीय स्थान पर सबलगढ़ से मुस्ताक अली खान रहे और मुरैना से द्वितीय स्थान पर खुशबू खाँनम रही बेस्ट सीनियर सिटीजन का अवार्ड सतीश कुमार सिंघल जी को मिला और टाइटल में मोहम्मद रफी नाइट बेस्ट परफॉर्मेंस मैं मुरैना से अल्पना गुप्ता रश्मि जैन अश्विनी गुप्ता सीकर जिले से नम्रता चौहान रही और सभी को जज के द्वारा भी 15 अंक भी दिए।इस प्रतियोगिता के अंतर्गत जो भी विजयी हुआ है उसको आदित्य क्रिएशन की तरफ से प्रमाण पत्र के साथ साथ मिस्टर एंड मिस ग्वालियर फैशन शो के द्वारा ट्रॉफी भी दी जाएगी और जो टॉप फाइव से बाहर निकले हैं उनको भी कंपनी ट्रॉफी ओ प्रमाण पत्र और उनका सम्मान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान केन्द्र क्रमांक 236 विधानसभा क्षेत्र दिमनी के बीएलओ निलंबित

**मुरैना।** विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 236 का सेक्टर ऑफीसर ने 22 जुलाई को मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। मतदान केन्द्र की जानकारी के लिये बीएलओ रघुराज सिंह कुशवाह को समय उपस्थित होना जरूरी है। दूरभाष पर भी संपर्क, किन्तु जानकारी बीएलओ ने नहीं दी। यह सब शासकीय कार्य में लापरवाही माना जाता है। इसके बाद बीएलओ रघुराज सिंह कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें रघुराज सिंह कुशवाह ने जबाव दिया जो संतोषजनक नहीं पाया गया। इन सब आरोपों के आधार पर संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे ने विधानसभा क्षेत्र दिमनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 236 के बीएलओ रघुराज सिंह कुशवाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में रघुराज सिंह कुशवाह अनुविभागीय अधिकारी अम्बाह के कार्यालय में रहेगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### जिले में अब तक 267.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 1 जून से अभी तक 267.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 24.6 मिलीमीटर वर्षा कम है। इस वर्ष की वार्षिक औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है। सर्वाधिक 360.2 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। जबकि पोरसा मिलीमीटर, अम्बाह 221, जौरा में 285, कैलारस में 180 और सबगलढ़ में 351 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 30 जुलाई को सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक सर्वाधिक 117 मिलीमीटर वर्षा सबगलढ़ में, अम्बाह में 5, कैलारस में 5, पोरसा में 9 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

### राजस्व अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि अब कहीं से भी हो सकेगी प्राप्त

**मुरैना।** राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार अब राजस्व अभिलेखों की प्रतिलिपि अब कहीं से भी से ऑनलाइन प्राप्त हो सकेगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम 2020 के नियम 94 एवं 105 के अधीन इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में उपलब्ध अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियों को प्राधिकृत वेबपोर्टल एवं प्राधिकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से एक अगस्त से जारी किया जाना है। इस कार्य में नए अभिलेख वे होंगे, जिन्हें रिकार्ड रूम से स्केन कर भू-अभिलेख पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा आरसीएमएस पोर्टल पर उपलब्ध राजस्व प्रकरणों में पारित आदेश की प्रति होगी। यह सेवा एक अगस्त से शुरु होगी। राजस्व अधिकारियों के माध्यम से नागरिकों को अभिलेखों की प्रतिलिपि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए प्रदान की जायेगी। इस सेवा के प्रारंभ होने से नागरिकों को पुराने अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि तत्काल कहीं से भी ऑनलाईन प्राप्त हो सकेगी। प्राधिकृत वेबसाईट ूण्उचझीनसमीोण्हवअण्पद पर पब्लिक यूजर, पंजीकृत होकर अभिलेखों की डिजीटली हस्ताक्षरित प्रतिलिपि निर्धारित शुल्क का भुगतान कर प्राप्त कर सकता है।

# कृषि राज्यमंत्री गिर्राज डण्डोतिया ने 57 लाख रूपये के निर्माण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया



**मुरैना।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास राज्यमंत्री श्री गिर्राज डंडोतिया ने दिमनी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विभिन्न ग्रामों में 57 लाख रूपये के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया ने कहा कि दिमनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में विकास कार्यों की कमी नहीं आने दी जायेगी। गांव-गांव विद्युत, सड़क एवं पानी के पुख्ता प्रबंध किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री किसान पुत्र है। उन्हें किसान की हर जरूरत की चिन्ता है, वे हर किसान के दुख दर्द हो गंभीरता से लेतें है। आज हम दिमनी विधानसभा क्षेत्र में इन सड़कों का भूमिपूजन कर रहे है। जो मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की है। जिनमें ग्राम जोहा से बड़ापुरा मार्ग निर्माण कार्य 11 लाख रूपये, जोहा से पीपरीपुरा मार्ग निर्माण कार्य 19 लाख रूपये, गणेशपुरा में नाला निर्माण कार्य 12 लाख रूपये और ग्राम खिरेटा से शांतिधाम तक सड़क निर्माण कार्य 15 लाख रूपये की लागत से सुदूर सड़क योजना के तहत तैयार कराई जायेंगी। जिनका आज भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर श्री गणेश सिंह तोमर, श्री राधेश्याम शर्मा, सरपंच श्री केदार सिंह खटीक, श्री गीताराम सिंह तोमर, श्री शिवराज सिंह तोमर, श्री प्रमोद शर्मा, श्री यदुनाथ सिंह तोमर सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# भारतीय जनता पार्टी की श्रद्धांजलि सभा रखकर अपने वरिष्ठ नेताओं को किया याद

**पोरसा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ग्रामीण मंडल एवं नगरा मंडल के द्वारा *नागाजी गौशाला जोटई रोड पर आज शाम बुधवार को 4:00 बजे भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर के भ्राता स्वर्गीय मुन्नू सिंह तोमर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय शत्रुघ्न सिंह तोमर की शोक श्रद्धांजलि सभा रखी गई जिसमें दोनों की चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पों से श्रद्धांजलि दी गई सभी ने दोनों को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया उपस्थित लोगों का प्रस्ताव भी आया की वृद्धा आश्रम के लिए स्वर्गीय शत्रुघन सिंह तोमर का एक सपना था जो उनके प्रयासों से बनकर तैयार हुआ वृद्ध आश्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समिति का गठन भी किया जाए यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी व उनके विचारों व उनके द्वारा दी गई शिक्षा का भी अनुसरण हम सभी को करना चाहिए स्वर्गीय मुन्नू सिंह तोमर ज़ी के यहां कोई भी कार्यकर्ता या अन्य किसी समाज का व्यक्ति जाता था तो उनका निस्वार्थ भाव से तत्काल कार्य करवाते थे कभी भी किसी को उन्होंने काम करने के लिए मना नहीं किया वह सब लोगों के लिए प्रिय नेता थे आज दोनों ही महान विभूतियों की यादें शेष रह गई हैं उनके किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा वही तालाब परिसर में रामलीला मंच पर टीन सैड का निर्माण कार्य भी किया जाए जिससे रामलीला व अन्य कार्यक्रमों में बरसात के समय सभी को सुविधा मिल सके शोक श्रद्धांजलि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण समाजसेवी बंधू गौशाला सेवा समिति परिक्रमा भक्त मंडल आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर मोहर सिंह तोमर महाराज सिंह तोमर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर जितेंद्र सिंह तोमर राजकुमार सिंह रणवीर सिंह डॉ सुरेंद्र सिंह लक्ष्मी शर्मा धर्म सिंह तोमर संतोष सिंह वीरू सिंह रामेश्वर सिंह बाल किशन वर्मा राजेश श्रीवास्तव धीरज पचौरी दिलीप जैन सौरभ तोमर राम कुमार गुप्ता मंडल अध्यक्ष के द्वारा स्वर्गीय श्री शत्रुघ्न सिंह तोमर की स्मृति में आश्रय भवन संचालित करने एवं स्वर्गीय श्री अजय प्रताप सिंह तोमर की स्मृति में नागाजी अध्यात्म मंच का निर्माण कराए जाने की लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई करने का संकल्प किया

# ईद व राखी का त्यौहार शांति एवं सद्भावना से मनाएं...अबनीश बंसल

## लॉकडाउन में नियम तोड़कर खुला बाजार तो होगी एफआईआर

केशव पडित जी अम्बाह...



अम्बाह... थाना परिसर में ईद व राखी के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए गुरूवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर अम्बाह में किया गया।जिसमे अम्बाह एसडीएम बिनोदसिह व सीएमओ सुरैन्द्र शर्मा जेई नीरज लूनियाँ बिधुत उपस्थित रहैजिसमे एसडीओपी अबनीश बंशल ने लोगो से ईद व राखी के त्यौहार को शांति एवं सद्भावना से मनाने की बात कही।उन्होंने बताया कि कोरोना कोविड 19 महामारी के चलते शासन के नियमो का पालन करें और एकजुट होकर कहीं भी इकट्ठे न हो।अपने अपने घरों में रहकर ही त्यौहारो को मनाएं।जिससे नियमों का उल्लंघन न हो अम्बाह बाजार त्यौहार को देखते हुऐ तीन दिन लगातार 9बजे से 4बजे तक खुलैगा हाथ ठैला बीच मे डिबाइडर बना के बिक्री न करे इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें।उन्होंने कहा की सार्वजनिक जगह पर अधिक लोग इकट्ठे न हो सोशल डिस्टेंस का पालन करें मास्क लगाएं सेनेटाइजर का उपयोग करे।साथ ही उन्होंने कहा कि पूजा कैमिष्ट पर बैरीग्रेटस व दाऊ की कोठी पर लगाये जिससे दोपहिया बाहन अन्दर न जाये ।नियमो का पालन न करने वाले पर नियमो का उल्लंघन करने के तहत एफआईआर की जायेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना एक बहुत ही बड़ी महामारी से इससे बचाव हेतु आमजनता व व्यापारियों को पूरी तरह से नियमो का पालन करना होगा जिसमें ग्राहक व दुकानदार को मास्क पहनना,ग्राहकों को सामग्री देने के बाद व पैसे लेन देन के बाद सेनेटाइजर का इस्तेमाल,ग्राहकों को गोले बनाकर कम से कम 2 मीटर की दूरी पर खड़ा करना आदि शामिल हैं।वहीं उन्होने व्यापारियों से साफ शब्दों में कहा कि अगर नियत समय के वाद दुकान खुली मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।बैठक मे समाज सेबी दाऊदयाल शर्मा कबीन्द्र तोमर गजेन्द्र तोमर खेमसिह भदौरिया नीतू तोमर बन्टी चौहान गजेन्द्र तोमर बरबाई उमाकान्त स्बामी गुड्डू खॉन अल्पसंख्यक अध्यक्ष भाजपा बसीम खॉन अब्बदुल रहू इम्तिहान खॉन के साथ नगर के गणमान्य नागरिक,समाजसेवी,जन प्रतिनिधि,व्यापारी बन्धु व मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

(कहानी सच्ची है)

# स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने गणवेश निर्माण की रणनीति पर कीर्तिमान स्थापित किया

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तरूण भटनागर के अथक प्रयासों व मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत के स्व-सहायतों समूहों की दीदियों द्वारा जिले में आजीविका संवर्धन के कई महत्तवपुर्ण कार्य किये जा रहे है। जिनमें कृषि, पशुपालन, गैर कृषि क्षेत्रों, नर्सरी, कालीन निर्माण, विभिन्न सिलाई सम्बन्धी कार्य, बै्ए वर्मी खाद, दुकानों आदि का कार्य कर 3500 से अधिक परिवार लाभ प्राप्त कर रहे है। वहीं कोविड-19 में लगभग 493000 मास्क व 2860 लीटर सैनेटाइजर, हाइपो, वाश उत्पादों में साबुन, लिक्विड हेडवश, फिनायल, डिश वॉश आदि लगभग 1.5 करोड़ का व्यवसाय प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में अब राज्य शिक्षा केन्द्र के साथ अभिसरण अनुसार गणवेश निर्माण का कार्य स्व-सहायता समूहों की दीदियों को ही आवंटन के निर्देश हुऐ। इसी कार्य के लिये मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत मुरैना द्वारा स्व-सहायता समूहों को गणवेश निर्माण हेतु रणनीति बनाकर कार्य करवाने का दो दिवसीय प्रशिक्षण संचालित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। म.प्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण जौरा, कैलारस, पहाड़गढ़, सबलगढ़ के स्टाफव दीदियों की उपस्थिति में सहभागी प्रशिक्षण आयोजित है। इस प्रशिक्षण में अन्य सहयोगी प्रशिक्षण संस्थान के रूप में जन शिक्षण संस्थान मुरैना के निदेशक श्री उमेश शर्मा, श्री नवल शिवहरे भी उपस्थित हुऐ। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आर के गोस्वामी, जिला परियोजना प्रबन्धक श्री दिनेश सिंह तोमर, रिसोर्स



पर्सन श्री दिवाकर, श्री अमित राजपूत विकासखण्ड प्रबन्धक सहित जिला प्रबन्धक श्री वीरेश भदोरिया, श्री धर्मेंद्र करोरिया, श्री उमेश राजौरिया, श्री विमल, श्री सुरजीत चौहान, श्री शशि शर्मा, श्री अमित शुक्ला एवं दीदियों में श्रीमती आराधना, राजकुमारी, राजकुमारी जाटव, श्रीमती शारदा, श्रीमती ममता सहित अन्य विकासखण्ड स्टाफ उपस्थित रहा।

इस सत्र के आरम्भ में ही कोविड-19 के सम्बंध में समझाईस, सोशल डिस्टेंटिंग, हैंडवाश, मास्क पहनना, दो मीटर की दूरी पर बैठक व्यवस्था व फीवर आदि की परिस्थितियों में सावधानी पर भी गहनता से चर्चा हुई। प्रशिक्षण में गणवेश निर्माण में रणनीति व सहभागिता के द्वारा कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें मुरैना जिले के 07 विकासखंडों के 03 संकुल स्तरीय संगठन सहित कुल 280 स्व-सहायता समूहों की 907 दीदियों द्वारा 27 केन्दों पर 90 दिनों में 3900000 से अधिक गणवेश बनाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना ने रामवरन को फ्लाईस ईंट उद्योग मालिक बनाया




**मुरैना।** व्यक्ति अगर मन में ठान ले कि उसे इस काम में सफ्लता हासिल करना है तो उसे सफ्लता जरूर मिलती है। सफ्लता को रोकने में कहीं कोई आड़े नहीं आता। ऐसी ही ललक हिगौना निवासी रामवरन की थी। उसने यह ठान लिया था कि उसे स्वयं का उद्योग लगाना है। इसके लिये उसने श्रम परिश्रम एवं मेहनत की और अपना ईंट उद्योग लगाने में सफ्ल हो गया। यह उद्योग रामवरन सिंह जाटव ने खादी ग्रामोद्योग की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से 25 लाख रूपये ऋण लेकर लगाया।

मुरैना विकासखण्ड के ग्राम हिंगौना खुर्द निवासी रामवरन जाटव शिक्षित होकर भी बेरोजगार था, क्योंकि पिताजी के पास इतनी जमीन ज्यादात नहीं थी कि वह एक अच्छा सा व्यवसाय या जीविकोपार्जन के लिये रोजगार खोल सके। रामवरन स्वयं तीन भाई है। जिसमें पिताजी के पास मात्र ढ़ाई बीघा जमीन थी। जिससे पूरे परिवार का खर्च चलाना तीनों भाईयों के लिये मुसीबत बनता जा रहा था। चूंकि रामवरन का बड़ा भाई सरपंच था, सरपंची के कार्य से एक बार दिल्ली गया हुआ था, दिल्ली के रास्ते फ्लाईस ईंट उद्योग निर्माण को देखने के लिये मैं भी भाई के साथ गया था। लौटते समय मेरे मन में फ्लाईस ईंट उद्योग लगाने की बात आई, किन्तु पैसा पास नहीं था तो निराश होकर घर बैठ जाता था। मन ही मन अपने नसीब को कोसता था, कि आज हमारे पास भी पैसा होता तो फ्लाईंस ईंट उद्योग मालिक हम भी होते। एक दिन रामवरन समाचार पत्र पढ़ रहा था, जिसमें खादी इुग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 25 लाख रूपये का ऋण लेने का स्तहार प्रकाशित हुआ । रामवरन ने तत्काल खादी ग्रामोद्योग पहुंचकर 25 लाख रूपये का फ्लाईस ईंट उद्योग लगाने का आवेदन प्रस्तुत किया, कुछ समय बाद रामवरन का 23 लाख 75 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत हुआ। जिसमें 8 लाख 75 हजार रूपये की सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की गई। रामवरन का ईंट उद्योग इतनी तेजी से चल निकला कि ईंट उद्योग में तीनों भाई एवं उनके चाचा का लड़का सहित चारों को रोजगार मिलने लगा। इसके साथ ही अन्य चार परिवारों को अपने गांव में ही मजदूरी करने का भी मौका मिला। रामवरन ने बताया कि प्र्रतिमाह 5 लाख रूपये की फ्लाईस ईंट निर्माण उद्योग से आय हो रही है। जिसमें से प्रतिमाह डेढ़ से 2 लाख रूपये ऋण के रूप में बैंक में जमा कर रहा हूं। मेरे लिये खादी ग्रामोद्योग की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना वरदान साबित हुई है। जिसने हमारे परिवार सहित आस-पडौस के परिवारों को रोजगार से जोड़ दिया है। प्रदेश सरकार का हम धन्यवाद ज्ञापित करते है, जिन्होंने ऐसी योजना हम शिक्षित बेरोजगारों के लिये संचालित की है।



मिलान में सीरीज ए फुटबॉल मुकाबले में खेलते हुए एफसी व नैपोली के खिलाड़ी।

## नेसडेक ने भी बागान की जीत को याद किया

**कोलकाता।** मोहन बागान दिवस-2020 के अवसर पर अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज (नेसडेक) ने भी कोलकाता के इस महान फुटबॉल क्लब की पहली गौरवपूर्ण जीत को याद किया है। इस मौके पर टाइम्स स्क्वॉयर में उसने अपने बिलबोर्ड पर बागान क्लब के लोगो और रंगों को प्रदर्शित किया। यह महरून और हरे रंग से प्रकाशित है, जो मोहन बागान की जर्सी का प्रतीक है। क्लब ने अपने ट्विटर हैंडल पर नेसडेक बिलबोर्ड की उन तस्वीरों को पोस्ट कर खुशी जाहिर की है और आज के दिन को बागान के लिए यादगार बताया है। 29 जुलाई 1911 को क्लब ने प्रतिष्ठित आईएफए शील्ड टूर्नामेंट जीता था और यह उपलब्धि हासिल करने वाला वह एकमात्र भारतीय क्लब बना था। इसी लिए 29 जुलाई को %मोहन बागान दिवस% मनाया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में मिली उस जीत ने देश को गर्व का अहसास कराया था। लोगों में उम्मीद बंधी थी कि वे अंग्रेजों को भी हरा सकते हैं। तब बागान ने फाइनल में ईस्ट यॉर्कशायर रेजिमेंट को पराजित किया था।

## एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सुपर लीग में बदलाव की जरुरत : आथर्टन



**आथर्टनमैनचेस्टर ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय सुपर लीग क्वॉलिफिकेशन प्रणाली को कठिन बताते हुए कहा है कि इसमें बदलाव जरुरी है। आथर्टन ने कहा कि आईसीसी को भारत में होने वाले 2023 विश्व कप के लिए सरल क्वॉलिफिकेशन प्रणाली बनानी चाहिए। आईसीसी ने इससे पहले एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय सुपर लीग शुरू की, जिससे 2023 में होने वाले पुरुष विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीमों का फैसला होगा। इसमें मेजबान भारत सहित शीर्ष सात टीमों को सीधे प्रवेश मिलेगा। सुपर लीग की शुरुआत विश्व चैंपियन इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच 30 जुलाई से शुरू हो रही सीरीज के साथ होगी। आथर्टन ने कहा, %जो भी होता है उसके पीछे कोई तर्क होता है पर यह काफी कठिन हो जाता है क्योंकि आपको दो प्रणालियों को एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।% उन्होंने कहा, %आपके पास आईसीसी वैश्विक प्रतियोगिताएं हैं, विश्वकप, टी20 विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी, वहीं आप इसे सामान्य द्विपक्षीय सीरीज से जोड़ने का प्रयास कर रहे हो, जो भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का ही एक हिस्सा है, जहां प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ खेलती है।% आथर्टन ने कहा कि थोड़ी कम जटिल प्रणाली से लोगों को समझने में आसानी होती।

# टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बने ब्राड



**मैनचेस्टर ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट हासिल करने वाले विश्व के सातवें गेंदबाज बन गये हैं। ब्राड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच में यह आंकड़ा हासिल किया। ब्राड ने इस टेस्ट की दूसरे पारी मे सभी दस विकेट लिए। ब्रॉड ने 140वें टेस्ट में 500 का आंकड़ा हासिल किया। श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने टेस्ट करियर में 133 टेस्ट मैचों में 800 विकेट लिए।वह सबसे तेजी से 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज भी हैं। उन्होंने सिर्फ 87 मैचों में यह मुकाम हासिल कर लिया। वहीं भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले सबसे तेज 500 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अपने 105वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। कुंबले ने 132 टेस्ट मैचों में 500 विकेट का आंकड़ा हासिल किया। 132 टेस्ट मैचों में उन्होंने 619 विकेट लिए। वह 500 के क्लब में शामिल एकमाग्र भारतीय गेंदबाज हैं। वहीं तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलयाई स्पिनर शेन वॉर्न हैं। वार्न ने 145 टेस्ट मैचों में 708 विकेट लिए हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में वह दूसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ही तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा मैक्ग्रा ने 124 टेस्ट मैचों में कुल 563 विकेट लिए। वॉर्न के बाद वह ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के एंडरसन ने अपने 129वें टेस्ट मैच में 500 विकेट पूरे किए थे। वहीं वेस्टइंडीज के कोर्टनी वॉल्श भी 500 विकेट लेने वाले एकमात्र कैरिबियाई गेंदबाज हैं।

# आठवें दौर में हारे आनंद

**चेन्नई।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद लीजेंड्स ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में हार गये हैं। आनंद को विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन ने 0.5-2.5 से पराजित किया। यह इस टूर्नामेंट में आनंद की सातवी हार है। अब तक आनंद को केवल एक बार ही जीत मिली है। इससे पहले सातवें दौर में आनंद ने हार का सिलसिला तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। आठवें दौर में आनंद और लिरेने के बीच दूसरी बाजी 47 चाल के बाद ड्रॉ रही जिसके बाद लिरेन ने तीसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए 41 चाल में जीत दर्ज



करके मुकाबला अपने नाम किया। अब अंक तालिका में आनंद छह अंक हासिल कर लिरेन और पीटर लेको के साथ अंतिम स्थान पर हैं। पूर्व विश्व चैंपियन आनंद का मुकाबला अब नौवें और अंतिम दौर में वैसिल इवानचुक से होगा। वहीं एक अन्य मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने रूस के इयान नेपोमनियाची को शिकस्त दी। नियमित मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेकर भी बराबरी पर रहा पर नॉर्वे के खिलाड़ी को काले मोहरों के साथ खेलने हुए जीत मिली। कार्लसन 22 अंक के साथ नंबर एक पर हैं। नेपोमनियाची 19 लेकर दूसरे जबकि अनीष गिरी 15 के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## रजत भाटिया ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**देहरादून।** प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रजत भाटिया ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास ले लिया है। 40 वर्षीय भाटिया ने अपना आखरी प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच 2018 में उत्तराखंड के लिए खेला था। दिल्ली के इस पूर्व क्रिकेटर ने अपने इक्कीस साल के घरेलू कैरियर में 112 मैच खेले और 49.10 की औसत से 6482 रन बनाये तथा 136 विकेट भी हासिल किए। वहीं लिस्ट ए क्रिकेट में भाटिया ने 3038 रण बनाये और 93 विकेट चटकाए। भाटिया 2012 में आईपीएल की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के सदस्य थे।

# 28 अगस्त से शुरु होगी श्रीलंकाई प्रीमियर लीग

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी घरेलू टी20 लीग लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। लंका प्रीमियर लीग अगले महीने 28 अगस्त से शुरु होगी और इसका फाइनल मुकाबला 20 सितम्बर को खेला जाएगा। इस लीग में 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। श्रीलंका क्रिकेट कार्यकारी समिति ने एक आयोजित बैठक के बाद लंका प्रीमियर लीग टी 20 टूर्नामेंट के संचालन की अनुमति दे दी। इस लीग में चार मैदानों में 23 मैच खेले जाएंगे। इस मैदानों के नाम आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रंगीरी दंबालु अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सुरियावा महिंदा राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। जहां तक टीमों की बात है तो लंका प्रीमियर लीग में कोलंबो, कैंडी, गाले, दांबुला और जाफना शहरों के नाम वाली पांच टीमें लीग में भाग लेंगी। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा है कि 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और 10 शीर्ष पायदान कोच और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी की अधिकतम 6 विदेशी खिलाड़ियों को लेने की अनुमति होगी जिसमें से केवल 4 ही अंतिम ग्यारह में भाग लेंगे।

## पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बुधवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इधर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की मांग में चल रही सुस्ती के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई खास उठा पटक नहीं देखने को मिल रही हैं। तेल कंपनियों ने



लगातार 4 दिन तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों को छुआ तक नहीं। इसके बाद शनिवार और रविवार को डीजल के दाम में 15-15 पैसे की बढ़ोतरी कर दी। कुल मिलाकर इस महीने में अब तक डीजल के दाम 10 बार बढ़ाए जा चुके हैं। इन 10 दिनों में डीजल 1.60 रुपए महंगा हो गया है। वहीं पेट्रोल में पिछले 30 दिनों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली में बुधवार 29 जुलाई को पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेट्रोल 80.43 रुपए प्रति लीटर है। डीजल भी 81.94 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर हैं। पेट्रोल के दाम 87.19 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 80.11 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 82.10 रुपए प्रति लीटर है और डीजल की कीमत 77.04 रुपए प्रति लीटर है।

## रुपया छह पैसे बढ़कर 74.78 पर

**मुंबई ।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार में डालर में नरमी के चलते रुपया 6 पैसे मजबूत होकर 74.78 रुपये प्रति डालर पर पहुंच गया। कारोबार की शुरुआत में रुपया 74.83 रुपए प्रति डालर पर खुला और कुछ ही देर में और चढकर 74.78 रुपए प्रति डालर तक पहुंच गया। इस स्तर पर यह पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले छह पैसे ऊंचा रहा। मंगलवार को डालर रुपये की विनिमय दर 74.84 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई थी। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की कमजोरी अथवा मजबूती दर्शाने वाला डालर इंडेक्स 0.02 प्रतिशत गिरकर 93.68 अंक रहा।

# जेट एयरवेज का घाटा 2018-19 में बढ़कर 5,536 करोड़




**नई दिल्ली।** दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत पहुंची जेट एयरवेज का घाटा मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष में और बढ़कर 5,535.75 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का खर्च बढ़ने से उसका घाटा बढ़ा है। पूर्ण विमानन सेवायें देने वाली जेट एयरवेज के विमानों की उड़ाने पिछले साल अप्रैल से बंद हैं। कंपनी का एकल घाटा 766.13 करोड़ रुपए रहा था। यह एकल आधार पर हुए वृहद घाटे के आंकड़े हैं। वर्ष 2018-19 में एयरलाइन की कुल आय एक साल पहले के मुकाबले घटकर 23,314.11 करोड़ रुपए रह गई। वहीं इससे पिछले साल कंपनी ने 23,958.37 करोड़ रुपए का कारोबार किया। एक नियामकीय सूचना में यह कहा गया है। इस दौरान ईंधन के दाम बढ़ने से कंपनी का कुल खर्च बढ़ता हुआ 28,141.61 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पिछले साल अप्रैल में परिचालन बंद करने के बाद कंपनी जून 2019 में कार्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत चली गई। विमानन कंपनी के वित्तीय लेखा जोखा पर कंपनी के समाधान पेशेवर अशीष छावछरिया के हस्ताक्षर हैं। नियामकीय सूचना में छावछरिया ने यह भी कहा है कि वह कंपनी के एकीकृत वित्तीय परिणाम उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है। कंपनी की अनुषंगी कंपनियां अलग इकाई हैं और वर्तमान में परिचालन में भी नहीं है। ऐसे में इन अनुषंगी कंपनियों से संबंधित आंकड़े प्राप्त करने में बहुत मुश्किलें आ रहीं हैं।

# ग्वालियर के नागरिकों एवं व्यापारियों का अभूतपूर्व सहयोग मिला : नवनीत भसीन

**ग्वालियर।** पूर्व पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने कहा कि मेरे 2 वर्ष दो माह के कार्यकाल में ग्वालियर के नागरिकों ने अभूतपूर्व सहयोग दिया। मैं ग्वालियर के कार्यकाल को सदैव स्मरणीय रखूंगा। उसके पीछे एक कारण यह भी है कि जिस शहर में आप अध्यापन करते हो और उसी शहर में पुलिस अधीक्षक होकर आना ये सौभाग्य की बात है। उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्वालियर के व्यापारी, उद्यमियों और हर वर्ग के लोगों ने जिला पुलिस का जो सहयोग किया है। इसके लिए मैं सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहूंगा। आज प्रात: अपने निवास पर विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा दी गई विदाई और शुभकामनाओं के संदर्भ में श्री भसीन ने कहा कि ग्वालियर शहर के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए मेरे दिल में एक विशेष स्थान बना है और यह मित्रता जीवन पर्यन्त चलेगी। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल



इंडिया ट्रेडर्स (कैट), परिवार परामर्श केन्द्र एसपी ऑफिस, आलंबन शाखा, रोटरी क्लब, फूड फॉर नीडी, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान की सभी शाखाएं, जिला शांति समिति के सदस्यों एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने 17–गाँधी रोड पहुंचकर श्री भसीन का पुष्पहार से स्वागत किया एवं शॉल–श्रीफल भेंट कर उनके दीर्घायु की कामना की। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, रवि गुप्ता, प्रदीप पाराशर, उदित चतुर्वेदी, मनोज चौरसिया, मयूर गर्ग, राकेश शर्मा, राजेन्द्र मल्होत्रा, रोहित जैन, विकास हरलालका, जय संचेती, डॉ. प्रदीप कश्यप, कविता तायल, श्रीमती नीना शर्मा, शकुन्तला परिहार, प्रवीण पंवार, यश शर्मा, डॉ. मुकेश जैन, कमल पटेल, टी.सी. सक्सेना, अशोक शर्मा तूफान, यासीन खान मंसूरी, नवलकिशोर शर्मा, अमर सिंह गुर्जर, नवरत्न अतरौलिया, के.के. तिवारी, राजेन्द्र यादव, अशोक गुप्ता, अनिल जैन ठाठीपुर, मनीष सक्सेना, ए.के. गुजर्र, रामधुन नरवरिया, रवि नागपाल, डॉ. एन.डी. वर्मा, व्यंजना मिश्रा, सबा रहमान, अंजना शर्मा, श्री कोचर जी, ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।



# त्यौहारों के अवसर पर बाजारों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लगाई जावेगी: एसपी

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी ने आज कन्ट्रोल रूम सभागार ग्वालियर में ग्वालियर शहर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मध्य पंकज पाण्डेय, शहर पूर्व श्रीमती सुमन गुर्जर, शहर पश्चिम सत्येन्द्र सिंह तोमर, ग्रामीण रायसिंह नरवरिया के अलावा समस्त सीएसपी तथा शहर के थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने लंबित गंभीर अपराध, महिला अपराध एवं एससी/एसटी के लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की। बैठक में उनके द्वारा थाने में उपलब्ध बल की जानकारी भी प्राप्त की गई। आगामी रक्षाबंधन एवं ईद के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए बाजारों में सुरक्षा व यातायात की विशेष व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने समस्त थाना प्रभारियों से कहा कि रक्षाबंधन व ईद के त्यौहार पर बाजारों में महिला बल भी सुरक्षार्थ लगाया जाएगा तथा शहर के बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। रक्षाबंधन त्यौहार पर राखियां विक्रय हेतु प्रशासन द्वारा चिन्हित किये गये 18 स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिये। डीएसपी यातायात को शहर में यातायात की सुचारू व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसपी ग्वालियर ने लोगों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण के बीच त्यौहार मनाए, पर यह न भूलें की संक्रमण का खतरा टला नहीं है। त्यौहार के अवसर पर भीड़–भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें और रक्षाबंधन का त्यौहार सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मनाएं। एसपी ग्वालियर ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर जेल में बहनों से बंदियों की मुलाकात पर प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में उन्होने समस्त थाना प्रभारियों से कहा कि थाने पर आने वाले आवेदकों की सुनवाई अच्छी तरह से होनी चाहिए तथा असमाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे। चिटफण्ड से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिये। बैठक में एसपी ग्वालियर ने कहा कि शहर की सभी शराब दुकानें निर्धारित समय पर ही खुले व बंद हों। प्रत्येक थाने के सक्रिय गुण्डों को चिन्हित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश भी थाना प्रभारियों को दिये।

**ग्वालियर पुलिस की अपील- त्यौहार के अवसर पर भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें और, त्यौहार सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मनाएं।**

## पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने गुरी सिंह मोंगिया की हत्या के

# 5000 रुपये के ईनामी आरोपी राजेंद्र सिंह मोंगिया को किय गिरफ्तार

**ग्वलियर।** दिनांक 19ध्10ध्19 को शाम 7रू00 बजे खेल मैदान ट्रिपल आईटीएम कॉलेज ग्वालियर के सामने गुरी सिंह मोंगिया पुत्र आलाजी मोंगिया उम्र 30 साल निवासी प्रकाश नगर दतिया की रुपए के लेन.देन को लेकर उसके साले राजेंद्र सिंह व साला करियाबती के पुत्र शिवनासी उर्फ शुभनासी मोंगिया ने लाठी व डंडों से मारपीट कर चोटं पहुंचाई जिसके सिर में गंभीर चोटें आई।गुरी सिंह की पत्नी श्रीमती बाल कुंवर की रिपोर्ट पर थाना हजीरा ग्वालियर पर अपराध क्रमांक 439ध19 धारा 307ए294 ए34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया



गया। दिनांक 21ध10ध19 को दौरानेउपचार गुरी सिंह की मृत्यु श्र।भ् ग्वालियर मेंहो गई जिससे प्रकरण में धारा 302 आईपीसी का इजाफाकिया गया। आरोपी राजेंद्र सिंह व शिवनासी सिंह पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 5.5हजाररुपये के ईनाम की घोषणा की गई।आरोपी शिवनासीसिंह को दिनांक 14ध्3ध्20 कोकरीला मेला अशोक नगर से गिरफ्तार किया गया था व आरोपी राजेन्द्र सिंह मोंगिया घटना दिनांक से फरार था। दिनांक 30ध्7ध्2020 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघीएअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर;मध्यद्ध श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया केनिर्देशानुसार फरारी अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना हजीरा ग्वालियर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार के निर्देशन में एक टीम को गठित कर मुखबिर की सूचना पर सेअशोकनगर भेजा गया था जिसने हत्या के आरोपी राजेंद्र सिंह मोगिया पुत्र अमर लालउम्र 30 वर्षनिवासी जामनपुर पंचायत रायखेड़ी नातेरनजिलाविदिशा को मंदसौर मिल के बाहर आमरोडजिलाअशोकनगरसे गिरफ्तार किया। सराहनीय भूमिकारूपुलिस थाना हजीरा के निरीक्षक आलोक सिंह परिहारएएसआई गौरव नगावतए अभिलाष सिंह तोमरएप्रआर0 शैलेंद्र सिंह चौहानए आर0 जनक सिंहएअमित सिंहएअशोक सिंह सिकरवारएरूप किशोर शर्माए लवकुश कुशवाह व लेखराज गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# ऊर्जा मंत्री ने 12वीं में 7वाँ स्थान पाने वाले अमन को सम्मानित किया



**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 12वीं कक्षा विज्ञान विषय में मध्यप्रदेश में 7वाँ स्थान प्राप्त करने वाले अमन तिवारी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। तोमर ने अमन को 5 हजार रुपये उपहार स्वरूप देकर उसका हौसला बढ़ाया। मंत्री तोमर ने अमन के माता–पिता से कहा कि इसके आगे की पढ़ाई में कोई समस्या आये तो मुझे बतायें। उन्होंने कहा कि प्रयास करूंगा कि इसकी शिक्षा में कोई व्यवधान नहीं आये। तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा दिया जाता है। इस योजना का लाभ जरूर लें।

## कोरोना योद्धा के रूप में मिला अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ,अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव को मिला सम्मान



**ग्वालियर।** बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था द्वारा आज covid 19 मे विशेष सहयोग करने के लिए कोरोना योद्धा के रूप मे सम्मान गौरवशाली सामाजिक संस्था कि अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा एव सह सचिव अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया आज मान्यनीय श्री प्रद्युमन सिंह तोमर जी कैबिनेट ऊर्जा मंत्री मध्यप्रदेश शासन व बेटी है तो कल सामाजिक संस्था द्वारा सम्मान पत्र व शील्ड प्रदान की गई संस्था की पूरी टीम को धन्यवाद

## संभाग आयुक्त ओझा ने संभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# शासकीय सेवकों को कार्यालय में गरिमापूर्ण एवं शालीन परिधान में आना होगा

**ग्वालियर ।** ग्वालियर संभाग आयुक्त एम बी ओझा ने संभाग के सभी संभागीय अधिकारियों एवं जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार आपके अधीनस्थ सभी शासकीय सेवकों को गरिमापूर्ण, शालीन एवं औपचारिक परिधान पहनकर शासकीय कार्यालय में दायित्व निर्वहन किए जाने हेतु पाबंद करना सुनिश्चित करें। निर्देशों की अवहेलना करते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। संभाग आयुक्त एम बी ओझा ने संभाग के सभी संभागीय अधिकारियों एवं जिला कलेक्टरों को भेजे गए पत्र में निर्देश दिए हैं कि




शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय सेवक गरिमापूर्ण शालीन एवं औपचारिक परिधान पहनकर ही अपने दायित्वों का निर्वहन किए जाने हेतु पाबंद करना सुनिश्चित करें। निर्देशों की अवहेलना करते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेजे जाएं। उन्होंने इस संबंध में उल्लेख किया है कि उनके द्वारा अशोकनगर जिले के भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा बैठक में फैटेड जीन्स पहनकर उपस्थित होना उक्त कृत्य शासकीय सेवक के पद की गरिमा के विपरीत होकर अमर्यादित आचरण की ओर इंगित करता है, जो उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई 2020 को प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में मंदसौर जिले के वन मण्डलाधिकारी द्वारा अशालीन परिधान (टीशर्ट) पहनकर शामिल होने पर मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को शालीन, औपचारिक एवं गरिमापूर्ण परिधान पहनकर कार्यालय में आने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com

Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478